https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 | अंक: 232 जयपुर, शनिवार, 01 अगस्त, 2026 | श्रावण मास, कृष्ण पक्ष-तृतीया, विसं 2083 पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से पीएम मोदी ने की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम से पहली बार फोन पर बातचीत कर उन्हें पदभार संभालने की बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। बातचीत में भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और हाल ही में लागू व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) से व्यापार और निवेश के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने पर भी चर्चा हुई।

### सड़क हादसे में मेजर की मौत, दो लेफ्टिनेंट घायल

**जैसलमेर।** जिले के थईयात सैन्य क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में सेना के एक मेजर की मौत हो गई, जबकि दो लेफ्टिनेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, मध्यप्रदेश निवासी मेजर हमजा आरिफ (26) अपने दो साथियों के साथ सैन्य अड्डे से लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक सामने ऊंट आ जाने से उनकी गाड़ी उससे टकरा गई और करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। तीनों को सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मेजर हमजा को मृत घोषित कर दिया गया। उनकी एक माह पहले ही शादी हुई थी। घायल लेफ्टिनेंट आयुष्मान और अभिनव राठौड़ का उपचार चल रहा है।

### पीएम मोदी के एडिटेड वीडियो मामले में एक्शन

**हैदराबाद।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित एआई-जनित, मॉर्फ्ड और आपत्तिजनक वीडियो व तस्वीरें साझा करने के मामले में फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट संचालकों के साथ मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई तेलंगाना भाजपा से जुड़े दो शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर की गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## मोदी कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले, कई बड़ी योजनाओं को मंजूरी

# पीएम-किसान योजना 5 साल बढ़ाई, 3.15 लाख करोड़ होंगे खर्च

### खेलो इंडिया के लिए केंद्र सरकार ने खोला खजाना

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में किसानों, ऊर्जा, खेल और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। सबसे अहम फैसला प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को अगले पांच वर्षों तक बढ़ाने का रहा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने इस योजना के लिए 3.15 लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना, समुद्र मंथन कार्यक्रम और खेलो इंडिया योजना के विस्तार को भी मंजूरी दी गई।

हालांकि केंद्रीय कर्मचारियों को जिस महंगाई भत्ते (डीए) बढ़ोतरी का इंतजार था, उस पर इस बैठक में कोई फैसला नहीं हुआ।

### सूर्य सरोवर योजना से बढ़ेगी हरित ऊर्जा



सरकार ने 5,070 करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत देश के जलाशयों पर 5,000 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। इन परियोजनाओं में ऊर्जा भंडारण (बैटरी स्टोरेज) की भी व्यवस्था होगी। इससे स्वच्छ और सस्ती बिजली के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

### डीए बढ़ोतरी पर फैसला नहीं

केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई-दिसंबर छमाही के महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी के लिए अभी इंतजार करना होगा। 31 जुलाई की कैबिनेट बैठक में इस संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया। फिलहाल कर्मचारियों को 60 प्रतिशत डीए मिल रहा है। वहीं, कैबिनेट ने प्रमुख बंदरगाहों में बंदरगाह-आधारित उद्योगों को भूमि के आवंटन के लिए एक संशोधित नीति को मंजूरी दे दी।

### 'समुद्र मंथन' से बढ़ेगा तेल-गैस उत्पादन

केंद्रीय कैबिनेट ने 84,084 करोड़ रुपए की 'समुद्र मंथन' राष्ट्रीय अपतटीय (ऑफशोर) अन्वेषण योजना को मंजूरी दी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत लागू होने वाली यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक संचालित होगी। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और प्राकृतिक गैस के नए भंडारों की खोज कर घरेलू उत्पादन बढ़ाना है। योजना के तहत उच्च गुणवत्ता वाले भूकंपीय (सिस्मिक) सर्वे, ड्रिलिंग और आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का अनुमान है कि इससे 600 मिलियन मीट्रिक टन ऑयल इक्विवेलेंट से अधिक संसाधन जुड़ेंगे, तेल आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा रोजगार, 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

### खेलो इंडिया को मिला बड़ा बजट

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले पांच वर्षों के लिए खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को कुल 36,441 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसमें 29,054 करोड़ रुपए खेलो इंडिया योजना और 7,387 करोड़ रुपए राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता के लिए निर्धारित किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य जमीनी स्तर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह निवेश भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 ओलंपिक मेजबानी की तैयारियों को भी मजबूत देगा।

### किसानों को सालाना 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी है। इसके लिए 3,15,614 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2019 में शुरू हुई इस योजना के तहत पात्र भूमिधारक किसान परिवारों को हर साल 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे डीबीटी के माध्यम से बैंक खातों में भेजी जाती है। अब तक योजना की 23 किस्तों के जरिए 4.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

## 52 देशों के न्यायविदों के सम्मेलन का उद्घाटन

# AI नहीं, मानवीय संवेदना ही सुलझा सकती है विवाद: CJI

- मध्यस्थता में किसी एक पक्ष की आवाज दूसरे पर हावी नहीं हो
- मध्यस्थता हार-जीत नहीं, बल्कि स्थायी समाधान का माध्यम: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकता है, लेकिन वह कभी भी मानवीय संवेदना और सहानुभूति का स्थान नहीं ले सकता। विवादों का स्थायी समाधान केवल संवाद, विश्वास और मध्यस्थता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद में समाधान का मूल सिद्धांत एक ही होता है, चाहे वह दो पड़ोसियों के बीच का विवाद हो या दो देशों के बीच का संघर्ष। जयपुर के होटल द ललित में शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस-2026 के उद्घाटन सत्र में CJI सूर्यकांत ने कहा कि जयपुर सामाजिक सौहार्द के सिद्धांत पर बसाया गया शहर है। जिस प्रकार शहर के विकास में किसी एक हिस्से को दूसरे पर हावी नहीं होने दिया गया, उसी प्रकार मध्यस्थता का मूल उद्देश्य भी यही है कि किसी भी पक्ष की आवाज दूसरे पक्ष पर हावी न हो। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और सहमति पर आधारित न्याय का माध्यम है। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता, राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित देश-विदेश के अनेक न्यायविद मौजूद रहे। सम्मेलन में 52 कॉमनवेल्थ देशों के न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ और मध्यस्थ भाग ले रहे हैं।



कॉन्फ्रेंस के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्य कांत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संदीप मेहता, राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक सीजे संजीव प्रकाश शर्मा, सुप्रीम कोर्ट के जज विजय बिश्नोई और जाम्बिया के सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश आभा नायर पटेल।



दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का उद्घाटन करते मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

### वैश्विक डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन हब बना भारत: मेघवाल

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिएशन अधिनियम-2023, इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर, कमर्शियल कोर्ट्स एक्ट और ई-कोर्ट्स फेज-III जैसी पहलें न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और निवेश-अनुकूल बना रही हैं। उन्होंने नई दिल्ली में सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (SIAC) का कार्यालय खुलने को भारत की बढ़ती वैश्विक साख का प्रतीक बताया। बता दें कि सम्मेलन में सीमा-पार विवादों के समाधान, न्यायिक सहयोग, तकनीक आधारित विवाद निस्तारण और वैश्विक मध्यस्थता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

### 21 हजार से अधिक मामलों का मध्यस्थता से समाधान: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार न्याय को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में अब तक 21 हजार से अधिक मामलों का मध्यस्थता के जरिए निस्तारण किया जा चुका है, जबकि 'मेडिएशन फॉर द नेशन' अभियान के तहत करीब 22 हजार मामलों का समाधान हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में 5.85 लाख से अधिक लोगों को निशुल्क विधिक सहायता तथा 4 हजार से अधिक पीड़ितों को 84 करोड़ रुपए से अधिक का प्रतिकर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यस्थता हार-जीत नहीं, बल्कि स्थायी समाधान का माध्यम है।

## जंतर-मंतर की घटना पर प्रधानमंत्री मोदी बोले...

# बच्चों को माफ करना चाहता हूं

- पीएम ने कहा- मुझे और मेरी स्वर्गीय माता को दी गईं गालियां
- युवाओं को सही राह दिखाने की अपील

**बेधड़क** | जयपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात इंस्टाग्राम के माध्यम से देशवासियों, विशेषकर जेन-जी को संबोधित किया। उन्होंने जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे प्रदर्शन में शामिल बच्चों को माफ करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में गलतियां होती हैं और उन्हीं गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने का अवसर भी मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जंतर-मंतर पर जो कुछ भी हुआ, उसे देश और दुनिया ने देखा। कुछ शरारती बच्चों ने ऐसी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जो किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। मुझे गालियां दी गईं, मेरी स्वर्गीय माता के लिए भी अपशब्द कहे गए।' उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार दांतों के बीच जीभ कट जाने पर दांत नहीं तोड़े जाते, उसी तरह समाज में हुई गलतियों का जवाब प्रतिशोध नहीं, बल्कि सुधार और संवाद होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश के विकास में भागीदार बनें और भटके हुए लोगों को सही राह दिखाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### राष्ट्रमंडल खेल भारत को जूडो में दो गोल्ड

**एजेंसी** | ग्लास्गो

भारत की जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को पहली बार इस स्पर्धा में गोल्ड दिलाए हैं। जूडो में एक साथ दो गोल्ड जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। महिला 48 किलोग्राम भार वर्ग में त्रिपुरा की 23 वर्षीय खिलाड़ी अस्मिता डे ने कनाडा की हैदी क्वाच को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। जबकि 60 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के रहने वाले हर्ष सिंह ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कैट्ज जोशुआ को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के 5 स्वर्ण पदक सहित कुल 19 पदक (5 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य) हो गए हैं।

-पेज 09 भी देखें।

## अंकित के हत्यारों को मिली सजा

# दिल्ली दंगे: ताहिर हुसैन समेत पांच को उम्रकैद

**एजेंसी** | नई दिल्ली



वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने कहा कि हत्या बेहद बेरहमी से की गई और शव को घसीटकर नाले में फेंक दिया गया। कोर्ट ने हुसैन और चार अन्य को मौत की सजा देने की दिल्ली पुलिस की मांग को खारिज कर दिया। अदालत ने इसे 'दुर्लभतम मामलों' में माना, लेकिन मौत की सजा देने से इनकार करते हुए कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि दोषियों में सुधार की कोई संभावना नहीं है। 13 जुलाई को कोर्ट ने हुसैन, जावेद, अनस, नाजिम और कासिम शर्मा को बंधक बनाने के इरादे से अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया था। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के खिलाफ दिल्ली में भड़के दंगों के दौरान भीड़ ने अंकित शर्मा की धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी थी। उनका शव 26 फरवरी 2020 को एक नाले में पड़ा मिला था। उन्हें 12 बार चाकू मारा गया था।

## एंटी पेपर लीक बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी, बना कानून

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक संसद से पारित

### रिजिजू बोले- सरकार चर्चा चाहती थी, लेकिन विपक्ष ने अवसर गंवा दिया

**बेधड़क** | नई दिल्ली



लोकसभा ने शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के बीच जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले राज्यसभा में विधेयक को 29 जुलाई को मंजूरी मिली थी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश किया, जबकि विपक्ष दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे पर नारेबाजी करता रहा। विधेयक में जन्म और मृत्यु के विलंबित पंजीकरण के नियमों को और सख्त बनाने का प्रावधान है तथा देरी की अवधि के आधार पर दो-स्तरीय मंजूरी व्यवस्था लागू की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा चाहती थी, लेकिन विपक्ष ने अवसर गंवा दिया। वहीं संसद से पारित होने के बाद एंटी पेपर लीक विधेयक को शुक्रवार रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई।

### जितेंद्र सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने 29 जुलाई को लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन को लेकर सदन में गलत जानकारी देकर उसे गुमराह किया। वेणुगोपाल का दावा है कि घटना में गोली चली थी और एक घायल का अब भी इलाज चल रहा है, जबकि मंत्री ने केवल आंसू गैस के इस्तेमाल की बात कही थी। कांग्रेस नेता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजकर जांच और आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है।

### संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाया

प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों पर गंभीर आरोपों के मामलों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने से जुड़े 130वें संविधान संशोधन विधेयक, 2025 पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। लोकसभा ने शुक्रवार को ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर समिति को आगामी शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के प्रथम दिन तक रिपोर्ट सौंपने का समय दिया।

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल विश्वनाथ शर्मा का निधन



**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) विश्वनाथ शर्मा का शुक्रवार को 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह 30 जून 1988 से 30 जून 1990 तक सेना प्रमुख रहे। 1965 भारत-पाक युद्ध में उत्कृष्ट सैन्य सेवाओं के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। जनरल शर्मा परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा के छोटे भाई थे और देश के प्रतिष्ठित सैन्य परिवार से संबंध रखते थे।

## जरूरी खबर

### पंचायत-निकाय चुनाव: अवमानना याचिकाएं निस्तारित

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने पंचायत एवं निकाय चुनाव समय पर नहीं कराए जाने को लेकर दायर अवमानना याचिकाओं को शुक्रवार को निस्तारित कर दिया। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की खंडपीठ ने पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिरिराज सिंह देवंदा की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता पुनीत सिंघवी और प्रेमचंद देवंदा ने बताया कि राज्य सरकार ने पंचायत और निकाय चुनाव की समय सीमा बढ़ाने के लिए हाई कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया था। इस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार को 15 नवंबर, 2026 तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दे दिया है।

### लापरवाही पर नौ संयुक्त निदेशकों को नोटिस

**बेधड़क, जयपुर।** पशुपालन विभाग ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) के संचालन में लापरवाही बरतने पर नौ जिलों के संयुक्त निदेशकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने सिरोही, सीकर, भीलवाड़ा, सलूम्बर, बीकानेर, राजसमंद, जोधपुर, नागौर और ब्यावर के अधिकारियों से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। निदेशक ने बताया कि एमवीयू के संचालन और पर्यवेक्षण को लेकर जारी निर्देशों की पालना नहीं की गई। बार-बार निर्देशों के बावजूद निदेशालय को आवश्यक सूचनाएं और अनुपालना रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने की तैयारी तेज

**बेधड़क, जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 में प्रदेश के शहरों की रैंकिंग सुधारने के लिए नगरीय निकायों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं वेबिनार आयोजित की गई। इसका उद्देश्य नगरीय निकायों में अपनाई जा रही उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों, नवाचारों और स्वच्छता मॉडलों का आदान-प्रदान करना रहा। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक प्रतीक जुईकर ने बताया कि कार्यशाला में स्वच्छता प्रबंधन को प्रभावी बनाने, सफल मॉडलों को साझा करने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को मजबूत करने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बेहतर नवाचारों को अपनाकर प्रदेश की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकता है। कार्यशाला में नगर परिषद सीकर के स्वच्छता मॉडल ने विशेष आकर्षण बटोरा।

---

**खून पर सरकार का कंट्रोल: नई SOP लागू, निजी ब्लड बैंकों की मनमानी पर लगाम**

# अब रक्त की हर दूसरी यूनिट पर सरकारी ब्लड बैंक का हक

- हर रक्तदान शिविर में सरकारी मेडिकल टीम अनिवार्य, लापरवाही पर कार्रवाई तय



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान की व्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव किया गया है। राज्य सरकार ने नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में राजकीय ब्लड सेंटरों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 50 प्रतिशत कर दी है। यानी अब किसी भी रक्तदान शिविर में एकत्रित होने वाला हर दूसरा यूनिट रक्त सरकारी ब्लड सेंटर के पास जाएगा।

सरकार का साफ संदेश है कि समाज के सहयोग से मिलने वाला स्वैच्छिक रक्त सबसे पहले सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस फैसले से न केवल सरकारी ब्लड बैंकों में रक्त की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि मरीजों के परिजनों पर रिप्लेसमेंट डोनर लाने का दबाव भी काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। प्रदेश में वर्षों से सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को रक्त की व्यवस्था के लिए रिप्लेसमेंट डोनर लाना पड़ता रहा है। कई बार जरूरतमंद मरीजों का उपचार केवल इसलिए प्रभावित होता था, क्योंकि समय पर रक्तदाता नहीं मिल पाता था। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि अब स्वैच्छिक रक्तदान का बड़ा हिस्सा सीधे सरकारी ब्लड सेंटरों तक पहुंचेगा तो रक्त की उपलब्धता बढ़ेगी और रिप्लेसमेंट डोनेशन की आवश्यकता लगातार घटेगी।

### हर साल 60 हजार अतिरिक्त यूनिट रक्त मिलेगा सरकार को

नई एसओपी के तहत सरकारी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। यानी सरकारी ब्लड सेंटरों को मिलने वाला हिस्सा 30 प्रतिशत बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुमान के अनुसार इससे हर वर्ष करीब 60 हजार अतिरिक्त यूनिट रक्त सरकारी ब्लड बैंकों तक पहुंचेगा। वर्तमान में सरकारी ब्लड बैंकों में लगभग चार लाख यूनिट रक्त संग्रह होता है, जो नई व्यवस्था लागू होने के बाद बढ़कर करीब 4.60 लाख यूनिट तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक यूनिट रक्त से रेड सेल, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स जैसे कई रक्त अवयव तैयार किए जाते हैं। ऐसे में 60 हजार अतिरिक्त यूनिट का मतलब लाखों मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध होना है।

### मरीजों व उनके परिजनों को मिलेगी राहत

प्रदेश में हर साल लगभग 9 लाख यूनिट रक्त संग्रह होता है। करीब 4 लाख यूनिट सरकारी ब्लड बैंकों में एकत्रित होता है। सरकारी ब्लड बैंकों में उपलब्ध रक्त का 73 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान से आता है। शेष 27 प्रतिशत रक्त रिप्लेसमेंट डोनेशन के जरिए जुटाया जाता है। यही 27 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ था, क्योंकि इसका सीधा बोझ मरीजों और उनके परिजनों पर पड़ता है।

### निजी ब्लड बैंकों का नेटवर्क बना कारण

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में प्रदेशभर में निजी ब्लड बैंकों की संख्या तेजी से बढ़ी। सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और स्वयंसेवी समूहों की ओर से आयोजित अधिकांश रक्तदान शिविर भी निजी ब्लड बैंकों के माध्यम से होने लगे। परिणाम यह हुआ कि समाज के सहयोग से एकत्रित स्वैच्छिक रक्त का बड़ा हिस्सा निजी ब्लड बैंकों तक पहुंचता रहा, जबकि सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक अपेक्षित मात्रा में रक्त से वंचित रहे। कई सरकारी अस्पतालों में ब्लड बैंक होने के बावजूद मरीजों के परिजनों को रिप्लेसमेंट डोनर लाने के लिए कहा जाता रहा। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में संबंधित राजकीय ब्लड सेंटर की प्रशिक्षित मेडिकल टीम की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### एसओपी की सख्ती से पालना के निर्देश

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सभी मेडिकल कॉलेजों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा ब्लड सेंटर प्रभारियों को नई एसओपी का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में राजकीय ब्लड सेंटर की भागीदारी अनिवार्य होगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई या जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में कमी मिली तो संबंधित अधिकारियों और ब्लड सेंटरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

---

**अशोक गहलोत ने डोटासरा विवाद पर चुप्पी तोड़ी, बोले-**

# न अध्यक्ष नाराज, ना मैं नाराज... प्रदेश कांग्रेस पूरी तरह एकजुट

- कहा- जॉइनिंग नेताओं की होती है, कार्यकर्ताओं की नहीं
- BAP कार्यकर्ताओं की मुलाकात को पूर्व सीएम ने बताया सामान्य

**बेधड़क | जयपुर**

बीएपी (भारत आदिवासी पार्टी) से जुड़े कार्यकर्ताओं की पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर मुलाकात और उसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणी से उपजे सियासी विवाद पर शुक्रवार को आखिरकार गहलोत ने अपनी चुप्पी तोड़ दी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस में किसी तरह की नाराजगी नहीं है, पार्टी पूरी तरह एकजुट है और मीडिया इस पूरे घटनाक्रम को बेवजह विवाद का रूप देने की कोशिश कर रहा है। सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में गहलोत ने कहा कि बीएपी के कार्यकर्ता केवल उनसे मिलने आए थे, उनकी कांग्रेस में जॉइनिंग का कोई कार्यक्रम नहीं था। उन्होंने कहा कि जॉइनिंग नेताओं की होती है, कार्यकर्ताओं की नहीं। वे मिलने आए थे और बाद में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जाकर अध्यक्ष से भी मिले। इसमें विवाद जैसी कोई बात नहीं है। डोटासरा की नाराजगी से जुड़े सवाल पर गहलोत ने स्पष्ट कहा कि उनके और प्रदेशाध्यक्ष के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा, 'न अध्यक्ष जी नाराज हैं, ना मैं नाराज हूं।' उन्होंने जो महसूस किया, वह कह दिया। लेकिन मीडिया बार-बार ऐसे सवाल पूछकर माहौल बिगाड़ने और नेताओं को डराने की कोशिश करता है। उन्होंने दोहराया कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस पूरी तरह संगठित है और अगली सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।



### 20-25 दिन तक मना किया, फिर भी 500 किमी दूर से आ गए कार्यकर्ता

गहलोत ने बताया कि वागड़ क्षेत्र के आदिवासी कार्यकर्ता पिछले 20-25 दिनों से उनसे मिलने का समय मांग रहे थे। उन्होंने कई बार उन्हें समझाया कि जयपुर आने की जरूरत नहीं है, वे स्वयं बांसवाड़ा आकर मुलाकात करेंगे। इसके बावजूद कार्यकर्ता बसों में बैठकर करीब 500 किलोमीटर का सफर तय कर जयपुर पहुंच गए। ऐसे में उन्होंने उनसे मुलाकात की। गहलोत ने कहा कि करीब 400 कार्यकर्ता आए थे और यदि किसी पार्टी से लोगों का मोहभंग होकर वे कांग्रेस के संपर्क में आते हैं तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए, न कि उसे विवाद बनाया जाए।

### भाजपा सरकार पर साधा तीखा निशाना

बीएपी प्रकरण पर सफाई देने के साथ ही गहलोत ने भाजपा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में शासन नहीं, बल्कि कुशासन चल रहा है। भ्रष्टाचार ने सारी सीमाएं पार कर दी हैं, विभागों में भुगतान अटके पड़े हैं और आम लोगों के काम नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के कुछ ही महीनों में प्रशासनिक विफलता की चर्चा शुरू हो जाना अभूतपूर्व है। गहलोत ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि स्कूल बंद हो रहे हैं, शिक्षकों की भारी कमी है और आरजीएचएस की स्थिति भी लगातार बिगड़ रही है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, फायरिंग, डकैती और दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि सरकार हालात संभालने में विफल साबित हो रही है।

### क्या था विवाद?

पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय के नेतृत्व में गुरुवार को बीएपी छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने आए 309 नेता और कार्यकर्ता सबसे पहले अशोक गहलोत के आवास पहुंचे थे, जहां अशोक गहलोत चौथी बार के नारे लगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डोटासरा ने बिना नाम लिए व्यक्तिवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि पार्टी किसी भी व्यक्ति से बड़ी होती है। इसी बयान के बाद कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया था। हालांकि शुक्रवार को गहलोत ने इन सभी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और पार्टी के भीतर किसी प्रकार की नाराजगी या टकराव नहीं है।

---

**राहुल गांधी पर मदन राठौड़ का हमला**

# अभी परिपक्व नहीं हुई समझ, कर रहे बचकानी हरकतें

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजस्थान कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और पेपरलीक कानून को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सोच अभी परिपक्व नहीं हुई है और वे बचकानी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिस घटना को लेकर राहुल गांधी बयान दे रहे हैं, उसमें बच्चों पर कोई हमला नहीं हुआ, बल्कि आंदोलन में घुसे असामाजिक तत्व भारत विरोधी नारे लगा रहे थे, जिन पर कार्रवाई आवश्यक थी।

राठौड़ ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पेपरलीक से जुड़े संशोधित कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है ताकि अपराधियों में कानून का भय पैदा हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।



### विभिन्न मानसिकताओं का गठबंधन बनकर रह गई कांग्रेस

राजस्थान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि पार्टी विभिन्न मानसिकताओं का गठबंधन बनकर रह गई है। गोविंद सिंह डोटासरा, अशोक गहलोत, टीकाराम जूली और सचिन पायलट सहित कई नेताओं की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं आपस में टकरा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के भीतर नेतृत्व की खींचतान अब सार्वजनिक हो चुकी है और नेताओं का ध्यान राष्ट्र हित के बजाय व्यक्तिगत हितों पर केंद्रित है। यूसीसी पर भाजपा का पक्ष रखते हुए राठौड़ ने कहा कि देश में सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार इसकी आवश्यकता जता चुका है और भाजपा इसे अपने प्रमुख एजेंडे का हिस्सा मानती है।

---

**हाई कोर्ट ने कहा- मूल निवासी के आधार पर नहीं रोक सकते लाभ**

# दूसरे राज्य से आई महिलाओं को EWS में राहत

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाण पत्र को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों से विवाह कर राजस्थान में स्थायी रूप से रह रही महिला को केवल दूसरे राज्य की मूल निवासी होने के आधार पर ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायाधीश शुभा मेहता ने एस. बी. सिविल रिट याचिका में मुण्डावर एसडीएम की ओर से 8 सितंबर, 2025 को जारी आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने प्रशासन को याचिकाकर्ता नरेश कुमारी को 30 दिन के भीतर ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने माना कि यदि महिला राजस्थान में किसी आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी या ओबीसी) का लाभ नहीं ले रही है और आय व संपत्ति संबंधी निर्धारित मापदंड पूरे करती है तो उसे सामान्य वर्ग में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनजीत सैनी ने कार्मिक विभाग के स्पष्टीकरण परिपत्र का हवाला देते हुए पक्ष रखा। न्यायालय ने कहा कि पात्र महिला को केवल बाहरी राज्य की मूल निवासी होने के आधार पर ईडब्ल्यूएस लाभ से वंचित करना उचित नहीं है।



*अधिवक्ता मनजीत सैनी*

# चार लार्जर बेंचों की सुनवाई, अहम मामलों पर हुई बहस

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ में शुक्रवार को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दों की सुनवाई के लिए तीन-तीन न्यायाधीशों वाली चार लार्जर बेंच गठित की गईं। इनमें तीन बेंच जयपुर पीठ के मामलों और एक बेंच जोधपुर मुख्यपीठ से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए बनाई गई।

एसीजे संजीव प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता वाली पहली लार्जर बेंच ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) से मिलने वाली क्लेम राशि पर मिलने वाले ब्याज पर आयकर कटौती (टीडीएस) के मुद्दे पर सुनवाई की। बीमा कंपनियों की ओर से कहा गया कि आयकर कानून में टैक्स कटौती का स्पष्ट प्रावधान है। वहीं, अन्य पक्षों ने अदालत को बताया कि यही मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और 7 अगस्त को सुनवाई प्रस्तावित है। इस पर हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सितंबर में तय की।

**बेधड़क TOON**




-शेखर

---


**शिक्षा विभाग ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश**

# UCC पर स्कूली छात्रों से भी राय लेगी सरकार

- 5 अगस्त तक ऑनलाइन सुझाव जुटाने का लक्ष्य

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की तैयारी के बीच अब स्कूली विद्यार्थियों से भी सुझाव लिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों से यूसीसी पर सुझाव जुटाए जाएं। इसके लिए सरकार की ओर से ऑनलाइन प्रश्नावली उपलब्ध कराई गई है। जारी निर्देशों के अनुसार कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी, जबकि कक्षा 5 से 11 तक के विद्यार्थियों के सुझाव उनके अभिभावकों के माध्यम से लिए जाएंगे। साथ ही विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को भी निर्धारित लिंक पर अपने सुझाव दर्ज करने होंगे।




फोटो एआई।

शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 5 अगस्त, 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए। इसके लिए सभी स्कूलों में विद्यार्थियों, अभिभावकों और कर्मचारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सुझाव राज्य सरकार के पोर्टल ucc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे।

सरकार समान नागरिक संहिता पर व्यापक जनभागीदारी के उद्देश्य से विभिन्न वर्गों से सुझाव जुटा रही है। इसी क्रम में अब स्कूली विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है, ताकि प्रस्तावित कानून पर समाज के विभिन्न वर्गों की राय प्राप्त की जा सके।

---

**चंबल में अवैध बजरी खनन पर सरकार का शिकंजा**

# कलेक्टर बने नोडल अधिकारी, SP को खनन सिंडिकेट ध्वस्त करने का जिम्मा

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में वर्षों से जारी अवैध बजरी खनन पर अब सरकार ने बड़ा और कड़ा प्रहार शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों की अनुपालन में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए सख्त प्रशासनिक, तकनीकी और कानूनी रणनीति लागू करने के निर्देश दिए गए। सरकार ने स्पष्ट किया कि चंबल के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र और वन्यजीवों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में संबंधित जिला कलेक्टर को अवैध बालू खनन की रोकथाम और सभी विभागों के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनन के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने, इसके वित्तपोषकों, परिवहन कर्ताओं और आपराधिक सिंडिकेट्स की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का जिम्मा सौंपा गया है।



*मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास समीक्षा बैठक लेते हुए।*

## जरूरी खबर

### मुहाना थाने में पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई आज



**जयपुर।** अधिकारी आपके द्वार अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल शनिवार को मुहाना थाने में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई सुबह 11:30 से शुरू करेंगे, जो 1:30 बजे तक चलेगी। यहां पर मानसरोवर सर्किल के मुहाना, शिप्रापथ, मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी व नारायण विहार थाने के परिवादियों की सुनवाई करेंगे। जनसुनवाई में कमिश्नर के साथ-साथ स्पेशल कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर, डीसीपी साउथ और साउथ जिले के एसीपी-एसएचओ मौजूद रहेंगे।

### झालाना-आमागढ़ लेपर्ड सफारी का समय बदला



**जयपुर।** झालाना और आमागढ़ लेपर्ड सफारी का समय 1 अगस्त से बदल जाएगा। वन विभाग ने मौसम की स्थिति और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोनों सफारी स्थलों के संचालन का नया समय निर्धारित किया है। नई समय-सारिणी शनिवार से प्रभावी होगी। सुबह की सफारी अब सुबह 6 से 8:30 बजे तक संचालित होगी। वहीं शाम की सफारी का समय शाम 4:30 से 7:00 बजे तक रहेगा। वन विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सफारी की बुकिंग और भ्रमण की योजना नए समय के अनुसार ही बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### अवैध निर्माण पर निगम का शिकंजा, चार भवन सीज



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर के किशनपोल जोन ने अवैध और बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माणों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार निर्माणाधीन भवनों को सीज कर दिया। भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए एचएआर कॉलोनी, चार दरवाजा स्थित मकान नंबर 48 और मकान नंबर 46 सीज किए गए। वहीं, नमकीन वालों की गली में मकान नंबर 318-320 में बिना स्वीकृति बनाए जा रहे तहखाने को सीज किया गया। जालूपुरा रोड पर सी-4 परिसर में अवैध रूप से बन रही तीन दुकानों एवं नवनिर्माण परिसर को भी सीज कर दिया गया।

### युवक की हत्या करने वालों का निकाला जुलूस



**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में गुर्जर की थड़ी पर युवक की डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपियों की पुलिस ने शुक्रवार को सरेआम परेड कराई। परेड बदमाशों में कानून का खौफ पैदा करने के उद्देश्य से निकाली गई। इस दौरान मानसरोवर एसीपी हेमेंद्र शर्मा और थानाधिकारी सतीश चंद मौजूद रहे। गौरतलब है कि गत दिनों गुर्जर की थड़ी स्थित शांति नगर रोड पर मूलतः श्योपुर निवासी 28 वर्षीय बलवीर सिंह जाटव की डंडों से हमला कर हत्या कर दी गई थी।

---

**10 दिन बाद टूटा गतिरोध, अब काम पर लौटेंगे परिवहन निरीक्षक**

# कानोता विवाद में SHO लाइन हाजिर, परिवहन निरीक्षक APO

**बेधड़क** | जयपुर

कानोता थाने में आरटीओ इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी के बीच हुए विवाद में अब दोनों अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कानोता थाना प्रभारी मुनींद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि आरटीओ विभाग ने ट्रक ड्राइवर से कथित मारपीट के मामले में मोटर वाहन निरीक्षक रामसिंह मीणा को एपीओ कर दिया है।



फोटो AI

दोनों विभागों की ओर से शुक्रवार को अलग-अलग आदेश जारी किए गए। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने आदेश जारी करते हुए कानोता थाना प्रभारी मुनींद्र सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया। वहीं, परिवहन विभाग ने जयपुर आरटीओ प्रथम के मोटर वाहन निरीक्षक रामसिंह मीणा को प्रशासनिक कारणों से एपीओ कर परिवहन मुख्यालय, जयपुर में उपस्थिति देने के निर्देश दिए हैं। रामसिंह मीणा पर ट्रक चालक से कथित मारपीट के आरोप लगे थे।

कानोता थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ पिछले 10 दिनों से कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठा था।

संघ थाना प्रभारी को निलंबित करने और आरटीओ इंस्पेक्टर नवल मीणा की शिकायत पर कार्रवाई की मांग कर रहा था। शुक्रवार को थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किए जाने के बाद संघ ने कार्य बहिष्कार समाप्त करने का फैसला लिया। संघ अध्यक्ष रोबिन सिंह और महासचिव आरआरएस जौहर ने बताया कि शनिवार से प्रदेशभर के सभी परिवहन निरीक्षक काम पर लौटेंगे। उन्होंने एसीएस होम, प्रमुख सचिव परिवहन और परिवहन आयुक्त का आभार जताया। संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रकाश सिंह राठौड़ और डीटीओ आदर्श सिंह राघव ने परिवहन निरीक्षक संघ और उच्चाधिकारियों के बीच वार्ता कर गतिरोध खत्म करवाने में अहम भूमिका निभाई।

### हड़ताल से कामकाज प्रभावित

परिवहन निरीक्षकों के कार्य बहिष्कार का असर विभागीय कामकाज पर भी पड़ा। राज्यभर में बसों और अन्य वाहनों के रजिस्ट्रेशन व ट्रांसफर की प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने परिवहन आयुक्त से राहत की गुहार लगाई थी। बस संचालकों ने फुल बॉडी बिल्ड सीटिंग स्टेज कैरिज बसों के रजिस्ट्रेशन और ट्रांसफर बिना भौतिक निरीक्षण, निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर करने की मांग रखी थी। अब परिवहन निरीक्षकों के काम पर लौटने से विभागीय कार्य फिर शुरू होने की उम्मीद है।

### ट्रक ड्राइवर से विवाद के बाद बढ़ा मामला

विवाद की शुरुआत ट्रक चालक और निरीक्षक रामसिंह मीणा के बीच हुए विवाद से हुई थी। इसी मामले में ट्रक चालक ने शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में परिवाद दर्ज कराने के लिए निरीक्षक नवल मीणा और रामसिंह मीणा कानोता थाने पहुंचे थे, जहां उनका थाना प्रभारी से विवाद हो गया। नवल मीणा का आरोप था कि उन्होंने थाना प्रभारी को अपना परिचय देकर परिवाद दर्ज करने का आग्रह किया, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की गई। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और थाने में बंद कर दिया गया। मीणा ने दावा किया था कि पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है।

---

**देर रात समझाइश के बाद नीचे उतरे तीनों NSUI के कार्यकर्ता**

# चुनाव की मांग पर चढ़ा पारा टोंक रोड बना छात्रों का अखाड़ा

■ पुलिस ने तीन दर्जन से ज्यादा छात्रों को लिया हिरासत में ■ छात्रों के प्रदर्शन के कारण टोंक रोड पर लगा लंबा जाम

**बेधड़क** | जयपुर

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ा बवाल हुआ। एनएसयूआई के आह्वान पर सैकड़ों छात्र टोंक रोड पर उतर आए और करीब 20 मिनट तक सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच तीखी झड़प हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब तीन दर्जन से अधिक छात्रों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के चलते टोंक रोड पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने टोंक रोड पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कई छात्र सड़क पर लेट गए और यातायात पूरी तरह रोक दिया। पुलिस ने पहले समझाइश की, लेकिन प्रदर्शन नहीं थमने पर छात्रों को सड़क से हटाने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान कई जगह धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर मौके से हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।


प्रदर्शनकारियों को पकड़कर ले जाती हुई पुलिस।
फोटो: पंकज शर्मा


प्रदर्शन के दौरान टोंक रोड पर लगा जाम।

### भूमि समाधि से पहले लक्ष्यराज सिंह को हिरासत में लिया

वहीं, राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र नेता लक्ष्यराज सिंह भूमि समाधि लेकर विरोध दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही हिरासत में ले लिया। कुछ घंटों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

### मौके पर पहुंचे जूली और रफीक खान



छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर टोंक फाटक स्थित पानी की टंकी पर चढ़े एनएसयूआई के तीनों कार्यकर्ता वियाना जाट, विजयपाल कुड़ी और कोशने खान शुक्रवार देर रात आखिरकार नीचे उतर आए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत कर उनकी मांगों पर चर्चा की। इस दौरान विधायक रफीक खान भी मौके पर मौजूद रहे।

---

**खेल कोटे में नौकरी का फर्जी खेल**

# फर्जी खेल प्रमाण-पत्र मामले में पूर्व ताइक्वांडो अकादमी संचालक अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

एसओजी ने थर्ड ग्रेड टीचर भर्ती में फर्जी खेल सर्टिफिकेट मामले में पूर्व ताइक्वांडो अकादमी संचालक बालकंवर सैनी (33) निवासी लालचंदपुरा खोराबीसल को गिरफ्तार किया है। फर्जी सर्टिफिकेट के एवज में आरोपी ने हजारों रुपए प्रति कैंडिडेट वसूले थे।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि साल 2021-22 की थर्ड ग्रेड टीचर (लेवल-1) भर्ती परीक्षा में खेल कोटे के तहत फेक ताइक्वांडो सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी दिलाने के मामले में कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया कि साल-2017 में आरोपी बालकंवर सैनी खुद ताइक्वांडो अकादमी संचालित करता था। अकादमी के बचे हुए हस्ताक्षरित खाली प्रमाण-पत्रों को अन्य आरोपियों को उपलब्ध कराया गया, जिनसे फेक सर्टिफिकेट तैयार किए गए। आरोपी के पास कॉम्पिटिशन एग्जाम के बाद 4 हस्ताक्षरित खाली प्रमाण-पत्र रह गए थे। इन्हें पूर्व गिरफ्तार आरोपी विष्णु भाखड़ीवाल और कप्तान सिंह ने हासिल कर फेक सर्टिफिकेट तैयार किए। इन प्रमाण-पत्रों के बदले करीब 60 हजार रुपए वसूले गए, जिसमें से करीब 20 हजार रुपए बालकंवर सैनी को दिए गए।


बालकंवर सैनी।

### पटवार भर्ती: डमी अभ्यर्थी मामले में महिला गिरफ्तार



इधर, पटवार भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयनित हुई 10 हजार रुपए की इनामी चुंकी बाई को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी जगह डमी अभ्यर्थी छम्मी बाई को बैठाकर परीक्षा दिलाई थी। जांच में सामने आया कि डमी अभ्यर्थी को 5 लाख रुपए दिए गए थे। आरोपी का पटवारी पद पर चयन होकर भरतपुर में पदस्थापन हुआ था। मामले में छम्मी बाई को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। चुंकी बाई 18 माह से फरार थी, जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित था।

---

# ऑफर से मुकरा रिलायंस स्टोर देना होगा 10 हजार का हर्जाना

**बेधड़क** | जयपुर

जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-3 ने ग्राहकों से अधिक राशि वसूलने और प्रचारित ऑफर का लाभ नहीं देने के मामले में रिलायंस स्टोर पर कुल 10 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग अध्यक्ष देवेंद्र मोहन माथुर और सदस्य पवन कुमार भारद्वाज ने प्रमोद कुमार खंडेलवाल की ओर से दायर दो परिवादों पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। आयोग ने माना कि दोनों मामलों में रिलायंस स्टोर की ओर से उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाओं में कमी रही और कंपनी ने अनुचित व्यापारिक प्रथा (अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस) अपनाई। आयोग ने कहा कि यदि कोई व्यापारी विशेष ऑफर या प्रचार के माध्यम से ग्राहकों को आकर्षित करता है तो उसका लाभ उपलब्ध कराना उसका कानूनी और नैतिक दायित्व है। पहले मामले में परिवादी ने बताया कि 24 मार्च 2025 को आमेर रोड स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट से खरीदे गए ब्रिटानिया टोस्ट के पैक पर अंकित मूल्य से एक रुपए अधिक वसूले गए। दूसरे मामले में रामगढ़ मोड़ स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार में 2,499 रुपए से अधिक की खरीदारी पर 9 रुपए में एक किलो चीनी देने का ऑफर प्रचारित किया गया था। परिवादी ने 3,754.32 रुपए की खरीदारी की, लेकिन बारकोड का हवाला देकर चीनी देने से इनकार कर दिया। आयोग ने इसे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन मानते हुए हर्जाना देने के आदेश दिए।

---

**औसत से अधिक गर्मी की चेतावनी**

# अगस्त में मानसून की बेरुखी के संकेत

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है, लेकिन अगस्त महीने के लिए मौसम विभाग का दीर्घावधि पूर्वानुमान चिंता बढ़ाने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगस्त 2026 के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत सहित देशभर में सामान्य से कम यानी केवल 94 प्रतिशत वर्षा होने का अनुमान जताया है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसे में अगस्त के दौरान बारिश के लंबे ब्रेक और उमस भरी गर्मी दोनों का असर देखने को मिल सकता है।

हालांकि, फिलहाल राजस्थान में मध्य प्रदेश और विदर्भ के ऊपर बने अवदाब (डिप्रेशन) ने मानसून को नई ऊर्जा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ते हुए कमजोर होकर वेल मार्क लो प्रेशर एरिया में बदलेगा, जिसका सीधा असर राजस्थान पर पड़ेगा।

### दो माह बाद भी सामान्य से कम वर्षा

मानसून का आधा सीजन पूरा होने के बावजूद राजस्थान में अब तक सामान्य से 9.57 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगस्त में भी यदि बारिश सामान्य से कम रहती है तो यह कमी और बढ़ सकती है, जिससे खरीफ फसलों और जलाशयों पर असर पड़ने की आशंका रहेगी।

### जयपुर में कल से बारिश का दौर

जयपुर के लिए अच्छी खबर है। 2 अगस्त तक शहर और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि 3 अगस्त से मानसून ट्रफ लाइन उत्तर की ओर शिफ्ट होगी, जिसके बाद बारिश का मुख्य क्षेत्र बदल जाएगा। इसका असर जयपुर सहित उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में दिखाई देगा और इन इलाकों में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

---

**एडीएम के पीए के ट्रैप की इनसाइड स्टोरी**

# 'मतलब' के एक लाख रुपए लेते ही बिगड़ा पीए का 'खेल'

■ घूस लेते ही सिर पर हाथ फेरकर ACB को दिया ट्रैप का इशारा ■ 18.36 लाख के बिल पास करने की एवज में मांग रहा था 8% कमीशन

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम (पूर्व) कार्यालय के पीए मुकेश कुमार के 1 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी पर ट्रैवल फर्म के लंबित बिलों को पास कराने के एवज में 8 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप है। एसीबी के अनुसार परिवादी की फर्म की ओर से जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित परीक्षाओं के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई थी। इसके भुगतान के लिए फर्म की ओर से एडीएम ईस्ट कार्यालय में बिल प्रस्तुत किए गए थे। परिवादी का आरोप था कि बिलों के भुगतान के बदले कार्यालय के पीए मुकेश कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। एसीबी जांच में सामने आया कि परिवादी की फर्म के कुल 18 लाख 36 हजार 262 रुपए के बिल भुगतान के लिए लंबित थे। इसके अलावा 5 लाख 13 हजार 975 रुपए का बिल भी था, जिसे 24 जुलाई को सेक्शन किया जा चुका था। आरोप है कि इन बिलों को पास कराने के एवज में आरोपी ने करीब 8 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। एसीबी के सत्यापन में आरोपी द्वारा कुल 2 लाख 3 हजार 280 रुपए रिश्वत मांगने की बात सामने आई। इसमें से 1.50 लाख रुपए पहले और शेष राशि बिल पास होने के बाद लेने की सहमति बनी थी। एसीबी के अनुसार परिवादी 1.50 लाख रुपए की व्यवस्था नहीं कर सका और उसने 1 लाख रुपए उपलब्ध होने की बात कही। इसके बाद एसीबी ने 1 लाख रुपए की रिश्वत राशि से ट्रैप कार्रवाई की तैयारी की।



फोटो AI

### घूस को दराज में रखते ही पकड़ा गया आरोपी

ट्रैप के दौरान परिवादी एडीएम ईस्ट कार्यालय के कमरा नंबर 115 में पहुंचा। यहां उसने आरोपी मुकेश कुमार से अपने बिलों के संबंध में बातचीत की। बातचीत के दौरान आरोपी ने परिवादी से कहा, आप मतलब की बात करने आए हो या बेमतलब की बात करने आए हो। इस पर परिवादी ने जवाब दिया कि वह मतलब की बात करने आया है। इसके बाद परिवादी ने कहा कि वह 1 लाख रुपए लेकर आया है। आरोप है कि आरोपी मुकेश कुमार ने अपने दाहिने हाथ से रिश्वत राशि ली और दोनों हाथों से गिनकर अपनी टेबल की दाहिनी ओर स्थित बीच वाली दराज में रख ली।

### घर से मिली लाखों की नकदी और जेवर

गौरतलब है कि एसीबी ने 29 जुलाई को पीए मुकेश कुमार को 1 लाख रुपए की घूस लेते हुए ट्रैप किया था। आरोपी के झोटवाड़ा स्थित आवास पर तलाशी के दौरान टीम को 10.68 लाख रुपए नकद, करीब 82 ग्राम सोना और 100 ग्राम चांदी मिली थी।

### पहले इनकार, फिर किया स्वीकार

रिश्वत राशि आरोपी को देने के बाद परिवादी ने एसीबी टीम को पूर्व निर्धारित संकेत दिया। परिवादी ने सिर पर हाथ फेरकर ट्रैप पार्टी को इशारा किया, जिसके बाद एसीबी टीम तुरंत कमरा नंबर 115 में पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर आरोपी ने पहले रिश्वत राशि लेने से इनकार किया और इसे लैपटॉप के उधार दिए गए पैसे बताया। हालांकि, पूछताछ के दौरान उसने राशि लेने की बात स्वीकार कर ली।

## जरूरी खबर

### शिशुगृह से फ्रांस पहुंची नन्ही परी को मिला नया परिवार



**दौसा।** राजकीय विशेषज्ञ दत्तकग्रहण अभिकरण में रह रही विशेष आवश्यकताओं वाली बालिका परी का विधिसम्मत अंतरदेशीय दत्तकग्रहण पूरा होने के बाद वह अपनी फ्रांसीसी दत्तक माता के साथ नए जीवन की शुरुआत के लिए फ्रांस रवाना हुई। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या जगरवाल तथा अधिकारियों ने बालिका को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सहायक निदेशक विश्व देव ने बताया कि कारा के दिशा-निर्देशों और जेजे एक्ट के तहत सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। अधीक्षक नरेंद्र सिंह के अनुसार यह दौसा जिले का पहला सफल अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण है।

### SBI में 23 लाख के गबन मामले में उप प्रबंधक गिरफ्तार

**दौसा।** मंडावरी थाना पुलिस ने 23 लाख रुपए के गबन मामले में भारतीय स्टेट बैंक के तत्कालीन उप प्रबंधक अशोक कुमार मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर के जगतपुरा का निवासी है, वह चार माह से फरार था। पुलिस के अनुसार अवैध वाउचर तैयार कर पीड़ित की फर्म पुरुषोत्तम लाल, पवनलाल के खाते से राशि निकालकर संविदा कर्मी वीरेंद्र शर्मा के खाते में ट्रांसफर कराई गई थी। मार्च 2026 में गिर्राज प्रसाद की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में विनोद मीणा और वीरेंद्र शर्मा पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### स्कूल की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, पीटीआई फरार

**चूरू।** चूरू के सांडवा थाना क्षेत्र स्थित एक राजकीय विद्यालय में 11वीं कक्षा की दलित नाबालिग छात्रा से शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) द्वारा दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह सैनी ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। डीएसपी दरजाराम ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने विद्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाइश के बाद ताला खुलवाकर विद्यार्थियों को स्कूल में प्रवेश कराया।

## उपलब्धियों भरा रहा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का दो वर्ष का कार्यकाल

# शिक्षा, जनजाति विकास और सुशासन पर रहा फोकस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के 22वें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल को 'सहकार से सिद्धि' और 'आलोक पथ' की अवधारणा को समर्पित बताते हुए कहा कि राजस्थान भक्ति, शक्ति और आत्मीयता का प्रदेश है। यहां के लोगों से उन्हें निरंतर स्नेह मिला और प्रदेश की संस्कृति, भाषा तथा परंपराओं के बीच समय का अहसास ही नहीं हुआ।

लोकभवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्ष सबको साथ लेकर विकास और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने के रहे हैं। हरिभाऊ बागडे ने 31 जुलाई 2024 को राजस्थान के 22वें राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा में व्यापक सुधारों को प्राथमिकता दी। विश्वविद्यालयों में नैक एक्रीडिएशन, समयबद्ध प्रवेश, परीक्षाएं, परीक्षा परिणाम तथा दीक्षांत समारोह सुनिश्चित कराने के साथ नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परम्परा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम, शोध, पेटेंट और कौशल विकास को बढ़ावा दिया। विश्वविद्यालयों में वित्तीय अंकेक्षण, पारदर्शिता, रिक्त पदों पर भर्ती, शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में भी अनेक पहल की गईं। उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का दौरा कर उनकी समस्याओं की समीक्षा की तथा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर लागू कराने पर बल दिया। जनजातीय क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर विकास योजनाओं की समीक्षा की, उत्पादों के विपणन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आजीविका के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष के रूप में हस्तशिल्प, लोककला, शिल्पग्राम उत्सव और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं विपणन को भी प्रोत्साहन दिया।



### नशामुक्त और टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली गति

बागडे के नेतृत्व में नशामुक्त और टीबी मुक्त भारत अभियान को राजस्थान में गति मिली। टीजेएसबी सहकारी बैंक लिमिटेड की जयपुर शाखा स्थापित हुई। विश्वविद्यालयों में समयबद्ध परीक्षा प्रणाली, वित्तीय अनुशासन, भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित पाठ्यक्रम, जनजातीय विकास, बांस आधारित आजीविका, शिक्षकों एवं चिकित्सा कार्मिकों के रिक्त पद भरने की पहल, लैक्रोज खेल को प्रोत्साहन, विद्यालयों को वित्तीय सहायता, ट्राइफेड प्रदर्शनी, विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेने की योजना तथा केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग जैसे अनेक कार्य किए गए।

### लोकभवन और राज्यपाल सचिवालय का किया डिजिटलीकरण

राज्यपाल सचिवालय के डिजिटलीकरण, लोकभवन इन्फॉर्मास पोर्टल, फाइल बॉक्स तथा 'सेव पेपर, सेव एनवायरमेंट' जैसी डिजिटल पहलों को भी उनके कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों के रूप में रेखांकित किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सहकार, पारदर्शिता और जनभागीदारी के माध्यम से राजस्थान के समग्र विकास की दिशा में आगे भी निरंतर कार्य जारी रहेगा।

### पूर्व सैनिकों की मासिक सहायता बढ़ाई

राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों के लिए मासिक सहायता राशि और बच्चों की कोचिंग सहायता बढ़ाने, वीरांगनाओं को सम्मान एवं पर्यटन सुविधाओं में रियायत, सैनिक विश्राम गृहों के आधुनिकीकरण, रेडक्रॉस सोसायटी को सशक्त बनाने पर दिया जोर।

### उच्च शिक्षा में बड़ा सुधार, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की पहल पर विश्वविद्यालयों में समयबद्ध प्रवेश, परीक्षा, परिणाम और दीक्षांत समारोह की व्यवस्था लागू हुई। नैक एक्रीडिएशन, वित्तीय अंकेक्षण, रिक्त पदों पर भर्ती, भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित पाठ्यक्रम, शोध और पेटेंट को प्रोत्साहन देकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालया में किसी भी स्तर पर अनियमितताओं, गैर जिम्मेदारी से कार्य और नियुक्तियों में किसी भी प्रकार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई भी की।

### राजस्थानी भाषा केन्द्रों की स्थापना की पहल

सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक सुदृढ़ीकरण, प्राकृतिक खेती के प्रचार, कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से किसानों को जागरूक करने तथा राजस्थानी भाषा केन्द्रों की स्थापना की पहल भी उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में रही। सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे, सैनिकों से संवाद, राज्यपाल राहत कोष के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता, जनजातीय खेलों को बढ़ावा और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भी उन्होंने विशेष प्रयास किए। दो वर्षों में जनजातीय क्षेत्रों का लगातार दौरा, योजनाओं की समीक्षा, प्राकृतिक खेती का प्रसार, सहकारिता आंदोलन को मजबूती, पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया।

## सोना-चांदी और नकदी सहित करोड़ों की संपत्ति के कागज जब्त

# सूदखोरों और नशा तस्करों पर झालावाड़ पुलिस का प्रहार

**बेधड़क** | झालावाड़

झालावाड़ पुलिस ने जिले में सूदखोरी, आर्थिक शोषण और मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ दो बड़े अभियानों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की संपत्ति, कीमती धातुएं, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि उनकी अवैध कमाई के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना और पीड़ितों को राहत दिलाना है।

अवैध साहूकारी के विरुद्ध मनोहरथाना, जावर, पिड़ावा, सुनेल और घाटोली थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद तथा संबंधित वृत्ताधिकारियों के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई में बिना लाइसेंस ऊंची ब्याज दरों पर धन उधार देकर किसानों और जरूरतमंद लोगों का आर्थिक शोषण करने वालों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस ने यहां से 321 किलोग्राम चांदी, चार किलोग्राम सोना, 37 लाख 35 हजार 300 रुपए नकद, 128 थ्रेशर, 35 कल्टीवेटर, 25 ट्रॉलियां, तीन ट्रैक्टर, बोलेरो पिकअप, टाटा 407, टवेरा, टेम्पो तथा मोटरसाइकिलें बरामद कीं।



*झालावाड़ में साहूकार के यहां पुलिस कार्रवाई के दौरान जब्त मशीनरी।*

### तस्करों की 2.28 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज

इसी क्रम में ऑपरेशन दिव्य प्रहार 2.0 के तहत पुलिस ने कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर पंकज राठौड़, उसके सहयोगी राहुल राठौड़ तथा उनसे जुड़े लोगों की लगभग 2.28 करोड़ रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्ति स्थाई रूप से फ्रीज कर दी। पुलिस के अनुसार तस्करी से अर्जित धन से मकान, कृषि भूमि और वाहन खरीदे गए थे। राजस्व विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से संपत्तियों का सत्यापन और बाजार मूल्यांकन कराया। सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली की स्वीकृति पर संपत्तियों को फ्रीज किया, जिससे अब उनका उपयोग, विक्रय या हस्तांतरण नहीं किया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने अपील की कि आर्थिक आवश्यकता होने पर केवल अधिकृत बैंक अथवा वैध वित्तीय संस्थानों से ही ऋण लें तथा किसी भी प्रकार की अवैध ब्याज वसूली, खाली स्टाम्प या चेक पर हस्ताक्षर कराने अथवा संपत्ति हड़पने के प्रयास की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

इसके अलावा 12 बोर के 6 जिंदा कारतूस, जमीनों से जुड़े संदिग्ध स्टाम्प, हस्ताक्षरित ब्लैंक स्टाम्प पेपर, ब्लैंक चेक, चेकबुक, बैंक पासबुक, लेन-देन की डायरियां तथा गिरवी रखे गए आभूषणों से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए।

सुनेल और घाटोली थाना क्षेत्रों में धारा 106 बीएनएसएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत भी जप्ती की कार्रवाई की गई। पुलिस अब दस्तावेजों की गहन जांच कर पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में जुटी है।

### ट्रेवल्स कार्यालय से हवाला की 39 लाख की नकदी जब्त



**उदयपुर।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र स्थित मेवाड़ मोटर्स गली में राजमंदिर ट्रेवल्स के ऊपर संचालित कार्यालय पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 39 लाख 22 हजार 660 रुपए की संदिग्ध नकदी जब्त की गई। आईजी विकास कुमार ने बताया कि हवाला कारोबार की सूचना पर दबिश दी गई, जहां नोट गिनने की मशीन, कैलकुलेटर और 500 रुपए के नोटों की गड्डियां मिलीं। पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी अंकित आर्य और उदयपुर के हिरणमगरी निवासी शुभम जैन को हिरासत में लिया।

## पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन जब्त

# डिकॉय ऑपरेशन में भ्रूण लिंग परीक्षण का आरोपी गिरफ्तार



*जोधपुर में जब्त पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, मोबाइल एवं पीसीपीएनडीटी टीम की हिरासत में लाल टीशर्ट में आरोपी।*

**बेधड़क** | जयपुर/जोधपुर

राज्य पीसीपीएनडीटी टीम ने जोधपुर में सफल डिकॉय ऑपरेशन कर बनाड रोड स्थित श्री सागर क्लीनिक में अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण करते ओमाराम चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपना जोधपुर के बनाड रोड पर नर्सिंग होम संचालित करता है।

मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि आरोपी की गतिविधियों पर लंबे समय से निगरानी रखी जा रही थी। सूचना की पुष्टि होने पर परियोजना निदेशक पीसीपीएनडीटी सोनल मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजली अजीत जोरवाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। डिकॉय गर्भवती महिला को आरोपी पहले पावटा बुलाकर अपनी स्कॉर्पियो से क्लीनिक ले गया, जहां ऐप के माध्यम से मोबाइल से जुड़े पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड प्रोब के माध्यम से सोनोग्राफी की गई। संकेत मिलते ही पीबीआई थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पोर्टेबल मशीन, मोबाइल तथा भ्रूण लिंग परीक्षण के एवज में लिए गए 50 हजार रुपए के हू-ब-हू नोट बरामद कर लिए।

परियोजना निदेशक सोनल मीणा ने बताया कि भारत में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण पूर्णतः प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत, पुलिस निरीक्षक प्रीति चैची, संतोष कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर द्वारका प्रसाद, सरला दाधीच, महेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, शानु चौधरी तथा मुकेश कुमार सहित टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## भंवरीदेवी हत्याकांड में धरना जारी

**बेधड़क** | लोहावट

जोधपुर के जंभेश्वरनगर में भंवरीदेवी विश्नोई हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर चौथे दिन भी धरना जारी रहा। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने धरना स्थल पहुंचकर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से बातचीत की। पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार प्रयासरत हैं। धरने में पूर्व विधायक किसनाराम विश्नोई, अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया, विधायक पब्बाराम विश्नोई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। परिजनों ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।

## दो जिलों में भीषण सड़क हादसे, 6 जनों की सांसें थमीं

**बेधड़क** | उदयपुर/ अलवर

राज्य में अलग-अलग जिलों में हुए दो भीषण सड़क हादसों ने छह लोगों की जान ले ली। उदयपुर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक परिवार उजड़ गया, जबकि अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रक-डंपर भिड़ंत में भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उदयपुर के गोगुंदा-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेकरिया थाना क्षेत्र के आकियावड़ के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में राजसमंद के जल चक्की निवासी नवनीत मीणा, उनकी पत्नी संगीता और पुत्र तुषार की मौत हो गई, जबकि पुत्र निखिल गंभीर घायल है। घायलों को गोगुंदा अस्पताल से महाराणा भूपाल चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां दंपती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अलवर के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रक आगे चल रहे मिट्टी से भरे डंपर से टकरा गया। हादसे में आंसू सिंह, सलोनी सिंह और चालक विकास कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

## अत्यधिक रक्तस्राव से गई जान, एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन पर सवाल खड़ा हुआ

# महात्मा गांधी अस्पताल में दो और प्रसूताओं की मौत

### ■ चिकित्सा विभाग ने जांच शुरू की

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के महात्मा गांधी अस्पताल में दो और प्रसूताओं की मौत के बाद एक बार फिर चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व में पांच प्रसूताओं की मौत के बाद अस्पताल में गंभीर प्रसूताओं के उपचार के लिए विशेष वार्ड स्थापित किया गया था, इसके बावजूद शाहपुरा और भीलवाड़ा शहर की इन दो प्रसूताओं की मौत से मामला फिर चर्चा में आ गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने दोनों मामलों की जांच के निर्देश दिए हैं। महात्मा गांधी अस्पताल के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि कोटड़ी क्षेत्र के दातड़ा गांव निवासी 22 वर्षीय सुगना पत्नी मोहन बैरवा का शाहपुरा के सैटेलाइट अस्पताल में सामान्य प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने तक उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। जांच में हीमोग्लोबिन 1.8 ग्राम और प्लेटलेट्स मात्र चार हजार पाए गए। आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर, रक्त और प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने सहित हरसंभव उपचार किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।




*भीलवाड़ा का जिला अस्पताल जहां प्रसूताओं की प्रवस के बाद मौत हुई। मृतक सुगना बैरवा व रानी बंजारा की फाइल फोटो (इनसेट में)।*

### पहले भी सुर्खियों में रहा अस्पताल

जून माह के प्रथम पखवाड़े में महात्मा गांधी अस्पताल में चार प्रसूताओं सहित पांच महिलाओं की मौत का मामला प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना था। इसके बाद चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर गंभीर प्रसूताओं के उपचार के लिए विशेष वार्ड भी शुरू किया गया था।

दूसरी ओर, भीलवाड़ा शहर के पटेल नगर निवासी 18 वर्षीय रानी पत्नी भूरा बंजारा की पहली डिलीवरी सामान्य रही, लेकिन कुछ ही देर बाद अत्यधिक रक्तस्राव, एम्बोलिज्म और शरीर में तान आने से उसकी भी मौत हो गई। डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि दोनों मामलों में चिकित्सकों ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया। वहीं, डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि दोनों प्रसूताओं की मौत अत्यंत दुःखद है। मामले के सभी तथ्यों की गहन जांच कराई जा रही है तथा पूर्व के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि कारणों का पता लगाकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

### सांचोर विधायक को जान से मारने धमकी

**बेधड़क.सांचौर।** सांचौर के निर्दलीय विधायक जीवाराम चौधरी ने उधार दी गई राशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए सुरेश चौधरी और दजाराम चौधरी के खिलाफ सांचौर थाने में मामला दर्ज कराया है। विधायक ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में दोनों ने माइक्रो स्टील व्यापार के लिए एक करोड़ 20 लाख रुपए उधार लिए थे। ब्याज सहित यह राशि अब 2 करोड़ 43 लाख 27 हजार 600 रुपए हो गई है। आरोप है कि रकम लौटाने या भूमि की रजिस्ट्री करने के बजाय आरोपियों ने वाट्सएप कॉल पर गाली-गलौज कर ठिकाने लगाने की धमकी दी। वहीं दजाराम चौधरी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए विधायक पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

## गैंगवार की आशंका के बीच फायरिंग

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली

### ■ अवैध हथियार और कारतूस बरामद

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले में गत वर्ष हुए अजयराज सिंह हत्याकांड में पैरोल पर चल रहे ईश्वरसिंह डेट की हत्या की फिराक में निकले हिस्ट्रीशीटर प्रभुसिंह चौहान की शुक्रवार को पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह यादव ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को कड़ी सुरक्षा में जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शंभूपुरा थाने में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच जारी है।



*पुलिस से मुठभेड़ में पांव में गोली लगने के बाद जिला अस्पताल में भती आरोपी प्रभुसिंह चौहान*

कालसर्प दोष शांति के लिए विशेष फलदायी रहेगा दिन

# श्रावण मास का प्रथम सोमवार और नाग पंचमी का बनेगा दुर्लभ संयोग

- मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पंचामृत पूजन की तैयारियां पूरी
- शिवालयों में उमड़ेगी भीड़



**बेधड़क** | जयपुर

भगवान भोलेनाथ की आराधना का पावन श्रावण मास शुरू हो चुका है और 3 अगस्त को पड़ने वाला श्रावण का प्रथम सोमवार इस बार नाग पंचमी के दुर्लभ संयोग के कारण विशेष आध्यात्मिक महत्व लेकर आ रहा है। इस शुभ अवसर पर जयपुर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अग्रिम बुकिंग भी हो चुकी है। प्रथम श्रावण सोमवार पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शिव भक्त कांवड़ में पवित्र जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे तथा परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना करेंगे। विभिन्न मंदिरों में रुद्रपाठ, सहस्त्रधाराभिषेक, भजन-कीर्तन, पंचामृत अभिषेक और विशेष आराधना का आयोजन होगा।

### सोमवार शिव उपासना के लिए रहेंगे विशेष

श्रावण के चारों सोमवार शिव उपासना के लिए विशेष माने जाते हैं। इस वर्ष प्रथम सोमवार 3 अगस्त को नाग पंचमी का दुर्लभ संयोग रहेगा, जबकि दूसरा सोमवार 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा एवं अंतिम सोमवार 24 अगस्त को श्रद्धालु व्रत, रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ और विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। पूरे श्रावण मास में शहर के शिवालयों में धार्मिक अनुष्ठानों, कांवड़ यात्राओं और सामूहिक अभिषेक का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### अक्षय एवं संजीवनी महायोग में करें शिव आराधना

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि श्रावण मास का प्रथम सोमवार और नाग पंचमी का यह संयोग अत्यंत शुभ एवं फलदायी माना गया है। सोमवार भगवान शिव को समर्पित है, जबकि नाग देवता उनके गले का आभूषण हैं। ऐसे में सोमवार के दिन नाग पंचमी का योग बनने से इसका धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व कई गुना बढ़ जाता है। शास्त्रों में इसे अक्षय एवं संजीवनी महायोग की संज्ञा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष, मांगलिक दोष अथवा राहु-केतु की अशुभ दशा हो, उन्हें इस दिन शिवलिंग का जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक कर बेल पत्र, धतूरा, भांग तथा चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा अर्पित करते हुए महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे ग्रह दोषों की शांति और विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। विष की तीव्रता को शांत करने के लिए देवताओं ने उनका जल, दूध, दही, घी और शहद से अभिषेक किया। तभी से सावन में शिवलिंग पर जल और पंचामृत अर्पित करने की परंपरा चली आ रही है। वहीं, एक अन्य मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए श्रावण मास में कठोर तपस्या की थी।

61वीं डिग्गी पदयात्रा 18 को जाएगी

## गणेशजी को न्योता, लक्खी पदयात्रा की तैयारियां शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

भगवान कल्याणजी महाराज, डिग्गीपुरी की 61वीं ऐतिहासिक लक्खी पदयात्रा की तैयारियां विधिवत शुरू हो गई हैं। मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में शुक्रवार को प्रथम पूज्य को ढोक देकर यात्रा की तैयारियों का शुभारंभ किया गया और श्रद्धालुओं को पदयात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। यह पदयात्रा 18 अगस्त को चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर से सुबह 9 बजे रवाना होगी।

इस अवसर पर श्रीजी शर्मा, भंवर लाल चौधरी, नारायण शर्मा, श्योजीराम चौधरी, रामदयाल चौधरी, कमलेश मीना और कुलदीप शर्मा ने गणेशजी को प्रचार सामग्री समर्पित कर यात्रा की सफलता की कामना की। इसके बाद प्रचार टोली पहली पदयात्रा से अब तक सभी यात्राओं की साक्षी रही नीले रंग की ऐतिहासिक अंबेसडर कार में सवार होकर दुर्गापुरा और सांगानेर क्षेत्र में प्रचार करने निकले।

यात्रा के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा (लोहेवाले) ने बताया कि करीब 24 कोस की यह पैदल यात्रा जयपुर से शुरू होकर डिग्गी धाम स्थित भगवान कल्याणजी महाराज के निजधाम तक पहुंचेगी। यात्रा में राजस्थान सहित देशभर से लाखों महिला-पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन, जयघोष और भक्ति भाव के साथ शामिल होते हैं।


यात्रा के दौरान 18 अगस्त को मदरामपुरा बालाजी, 19 अगस्त को हरसूलिया, 20 अगस्त को फागी और 21 अगस्त को चौसला में रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 22 अगस्त को श्रद्धालु कल्याणजी महाराज के पावन धाम डिग्गीपुरी पहुंचेंगे।

## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083
- हिजरी सन: 1448
- ऋतु: वर्षा ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र
- मास: श्रावण
- पक्ष: कृष्ण पक्ष
- शाके संवत: 1948
- अयन: सूर्य दक्षिणायन

### आज का दिन

**शनिवार, 1 अगस्त, 2026**
**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज शुभ का चौघड़िया सुबह 7.34 से 9.14 बजे तक है। इसके बाद में चर का चौघड़िया दोपहर 12.33 से 2.13 बजे तक, फिर लाभ-अमृत का दोपहर 2.13 से 5.32 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 12.00 से 12.54 बजे तक है।

**तिथि:** आज तृतीया तिथि रात 11.08 बजे तक रहेगी। इसके बाद में चतुर्थी तिथि रहेगी।

**दिशाशूल:** पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा कुंभ राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** शतभिषा नक्षत्र रात 8.45 बजे तक, फिर पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रहेगा।

**योग:** शोभन योग रात 11.23 बजे तक, बाद में अतिगंड योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

भद्रा सुबह 10.50 बजे से रात 11.08 बजे तक पृथ्वी लोक की अशुभ, लोकमान्य तिलक पुण्य दिवस, जया पार्वती व्रत पारण गुजरात में, पंचक।

-पं. अवधेश शर्मा

भगवान शिव की आराधना के साथ महारुद्राभिषेक

## 251 पार्थिव शिवलिंगों पर 20 हजार लीटर गंगाजल से कल श्रद्धालु करेंगे अभिषेक

- 251 दंपती करेंगे भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

**बेधड़क** | जयपुर

श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का भव्य संगम 2 अगस्त को सीकर रोड स्थित अनंतम सफायर मैरिज गार्डन में देखने को मिलेगा। श्री शिव महापुराण कथा समिति के तत्वावधान में आयोजित 19वें सामूहिक 251 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक में देश की खुशहाली, समृद्धि और उत्तम वर्षा के संकल्प के साथ 251 दंपती भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे।

समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि वर्ष 2008 से यह आयोजन लगातार श्रावण मास में हो रहा है। उपाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि जयपुर में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन की शुरुआत का श्रेय समिति को जाता है। कार्यक्रम संयोजक राजू जिंजवाड़ ने बताया कि अभिषेक के लिए हरिद्वार से 20 हजार लीटर गंगाजल विशेष टैंकर से जयपुर पहुंच चुका है, जिसकी निशुल्क सेवा वर्षों से लक्ष्मी नारायण चौधरी परिवार दे रहा है। समिति अध्यक्ष सुरेश शास्त्री ने बताया कि विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में नमक-चमक रुद्रपाठ, 108 दिव्य औषधियों, पंचामृत, दूध, दही, गन्ने के रस, नारियल और भांग से महारुद्राभिषेक होगा। कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण पद्मश्री अर्जुन प्रजापति के सुपुत्र राजेंद्र प्रजापति कर रहे हैं तथा आयोजन के अगले दिन उनका हरिद्वार स्थित गंगा में विसर्जन किया जाएगा। धार्मिक ग्रंथों में पार्थिव शिवलिंग पूजन को कलियुग में शिव कृपा और मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है।



*महारुद्राभिषेक के लिए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करते हुए।*

जयकारों से भक्तिमय हुआ मुनिबाड़ी मंदिर

## 48 दीपों की रोशनी में गूंजा भक्तामर स्तोत्र



**बेधड़क** | जयपुर

सूरजपोल गेट स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मुनिबाड़ी में 48 दीपकों और ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान दीप महाअर्चना का संगीतमय आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर 'भक्तामर प्रणत मौलि मणि प्रभाणा...' के मंत्रोच्चार और भगवान आदिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। सुनीता, महावीर-मोनिका तथा दिनेश-दीपिका कासलीवाल शक्ति नगर परिवार की ओर से दीप महाअर्चना का शुभारंभ भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। श्रद्धालुओं ने हाथों में जैन धर्म ध्वजा और दीपक लेकर भक्ति नृत्य करते हुए मुख्य मंडल पर दीप अर्पित किए। इससे पूर्व विश्व शांति के लिए णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप भी किया गया। मंदिर समिति ने कासलीवाल परिवार का माल्यार्पण और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। आयोजन में मुनिबाड़ी मंदिर समिति, शक्ति नगर, सिद्धार्थ नगर, चूलगिरी यात्रा संघ के सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शहर में आज

- रविद्र मंच के मिनी थिएटर में नाटक में पोस्टमैन की भावनात्मक कहानियों का मंचन शाम 7 बजे।
- सीतापुरा स्थित एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में कैटरर्स उद्योग सम्मेलन सुबह 11 बजे।
- मानसरोवर स्थित मुहाना थाने में पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई सुबह 11.30 बजे।

### कलश यात्रा संग भागवत आज से

**जयपुर।** जयपुर माली (सैनी) समाज विकास आदर्श संस्था के तत्वावधान में नारायणगढ़ पैलेस, स्वेज फार्म रोड, सोडाला में संगीतमय भागवत कथा का आयोजन होगा। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे कलश यात्रा सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, स्वेज फार्म रोड से शुरू होकर कथा स्थल पहुंचेगी। भागवताचार्य पं. मुरारीलाल महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा वाचन करेंगे। कथा का समापन 8 अगस्त को हवन के साथ होगा।

## छात्रों के लिए 21 लाख व राशन सामग्री भेंट

**बेधड़क** | जयपुर



जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात मिली है। श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज ने विद्यार्थियों के लिए 21 लाख की आर्थिक सहायता के साथ-साथ आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराने की मंजूरी दी है। इसे विद्यार्थियों के हित में एक ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह महत्वपूर्ण सहयोग कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा एवं कुलसचिव डॉ. गुंजन सोनी के निरंतर प्रयासों, दूरदर्शी सोच और छात्र कल्याण के प्रति समर्पण का परिणाम है। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर भोजन और आवास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महंत महाराज से संवाद स्थापित किया। उनकी छात्र-हितैषी सोच से प्रभावित होकर महंत ने सहयोग देने की घोषणा की।

## असम पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**बेधड़क** | जयपुर



आशीर्वाद ओल्ड एज होम जयपुर ने असम में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए कपड़े, बेडशीट सहित आवश्यक राहत सामग्री रवाना की। संस्था के अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के समय समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मानवता की सच्ची पहचान दूसरों के दुख में सहभागी बनने से होती है। इस अवसर पर संस्था की सदस्य रेणु जिंदल, अंजना शर्मा, दीपक गोधा और अनीश कुमार भी उपस्थित रहे। सभी ने राहत सामग्री के संग्रह, पैकिंग और प्रेषण में सक्रिय सहयोग दिया तथा असम बाढ़ पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सेवा अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था ने सामाजिक संगठनों और आमजन से भी आगे आकर आपदा प्रभावित परिवारों की यथासंभव सहायता करने और मानवता की इस मुहिम में सहभागी बनने की अपील की।

देश में सर्वाधिक पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण

## ज्ञान भारतम् मिशन में प्रदेश ने रचा इतिहास

**बेधड़क** | जयपुर



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि ज्ञान भारतम् मिशन के तहत राजस्थान ने पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में सर्वाधिक पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण में राजस्थान का योगदान है, जो जनभागीदारी, संस्थागत सहयोग और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। दीया कुमारी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और दूरदर्शी सोच से भारत की अमूल्य ज्ञान-संपदा के संरक्षण का यह ऐतिहासिक अभियान शुरू हुआ। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय और ज्ञान भारतम् मिशन की पूरी टीम के मार्गदर्शन एवं सहयोग की भी सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने पांडुलिपि संरक्षकों, विभिन्न भंडारों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, शोध संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं, स्वयंसेवकों तथा समाज के सभी व्यक्तियों और संस्थाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह सफलता संभव हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की बिखरी हुई ज्ञान संपदा को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि यह अमूल्य सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुलभ हो सके।

रामार्थम फाउंडेशन की पहल पर पौधारोपण अभियान आयोजित

## उद्यान में पौधे लगाए, संरक्षण का लिया संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

रामार्थम फाउंडेशन की पहल पर संविधान क्लब के समीप स्थित सार्वजनिक उद्यान में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. संजय खंडेलवाल के नेतृत्व में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने सैकड़ों पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। खंडेलवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है और प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। अभियान में जुकोल सॉल्यूशंस की टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। दुष्यंत यादव, अभिषेक शर्मा और पदम यादव सहित 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने पौधों की नियमित देखभाल की सामूहिक शपथ ली।



### महिला सशक्तीकरण: नई पहल की घोषणा

रामार्थम फाउंडेशन, सेवायाम और भारत वेंचर्स ने महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए नई पहल की घोषणा की। यह घोषणा डॉ. संजय खंडेलवाल ने की, जबकि इसका संचालन सेवायाम संस्था की संस्थापक एवं जयपुर की पूर्व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया जाएगा। उपस्थित युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### अर्हम फाउंडेशन ने लगाए 100 से अधिक पौधे

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में पहल करते हुए अर्हम फाउंडेशन की ओर से बजाज नगर स्थित सरकारी विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से विद्यालय परिसर में 100 से अधिक पौधे लगाए गए। समाज सेवी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि पौधारोपण के साथ सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का वचन दिया।

लोकतंत्र की शक्ति और कानून का सम्मान

# आंदोलन की संस्कृति: अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व भी आवश्यक



ललित गर्ग
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत का लोकतंत्र केवल चुनावों की व्यवस्था नहीं है, बल्कि संवाद, असहमति और संवैधानिक मर्यादाओं का जीवंत तंत्र है। इस व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को अपनी मांगों और विचारों को शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार प्राप्त है। संविधान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार दिया है, लेकिन यह अधिकार कभी भी हिंसा, अराजकता, सार्वजनिक संपत्ति के विनाश या सुरक्षा बलों पर हमले का लाइसेंस नहीं बन सकता। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह विरोध को भी सम्मान देता है, किंतु विरोध की भी अपनी सीमाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। हाल के वर्षों में कुछ आंदोलनों ने यह गंभीर प्रश्न खड़ा किया है कि क्या लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ में कानून और व्यवस्था को चुनौती देना स्वीकार्य हो सकता है? यदि कोई प्रदर्शन बैरिकेड तोड़ने, पुलिस पर हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने अथवा संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थान की ओर जबरन बढ़ने का प्रयास करे, तो सरकार और सुरक्षा एजेंसियों से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वे केवल मूकदर्शक बनी रहें। राज्य का पहला दायित्व नागरिकों की सुरक्षा और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करना है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पैलेट गन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार करते हुए यह कहना कि असाधारण परिस्थितियों में इसका प्रयोग किया जा सकता है, इसी संतुलित दृष्टिकोण का परिचायक है। न्यायालय ने किसी भी प्रकार के असीमित बल प्रयोग को उचित नहीं ठहराया, बल्कि यह स्पष्ट संकेत दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य के पास आवश्यक साधन भी होने चाहिए। यदि सुरक्षा बलों से हर प्रभावी उपाय छीन लिया जाएगा, तो हिंसक भीड़ पर नियंत्रण कैसे स्थापित होगा? यह प्रश्न केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। इसका अर्थ यह नहीं कि पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को असीमित अधिकार मिल जाने चाहिए। लोकतंत्र में प्रत्येक कार्रवाई न्यायिक समीक्षा और जवाबदेही के दायरे में रहती है। यदि कहीं बल प्रयोग आवश्यकता से अधिक हुआ हो, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन जांच का आधार तथ्य होने चाहिए, पूर्वाग्रह नहीं। जिस प्रकार प्रदर्शनकारियों की पीड़ा सुनी जानी चाहिए, उसी प्रकार घायल हुए पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों का पक्ष भी उतनी ही गंभीरता से सुना जाना चाहिए।

आज आवश्यकता इस बात की है कि आंदोलन की संस्कृति पर पुनर्विचार किया जाए। स्वतंत्रता आंदोलन के समय महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की ऐसी परंपरा विकसित की थी, जिसमें नैतिक बल सबसे बड़ा हथियार था। सत्याग्रह में विरोध था, परंतु वैमनस्य नहीं। संघर्ष था, परंतु हिंसा नहीं। दृढ़ता थी, परंतु अराजकता नहीं। दुर्भाग्य से आज कुछ आंदोलनों में संवाद की जगह टकराव, संयम की जगह उग्रता और तर्क की जगह भीड़ की शक्ति को महत्व दिया जाने लगा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में परिवर्तन सड़क पर पत्थर फेंकने से नहीं, बल्कि विचार, संगठन, जनजागरण और संवैधानिक प्रक्रियाओं से आता है। यदि हर असहमति हिंसक रूप ले लेगी, तो सबसे अधिक नुकसान उन्हीं युवाओं का होगा, जिनके भविष्य के नाम पर आंदोलन किए जाते हैं। लोकतंत्र की रक्षा भावनाओं से नहीं, बल्कि अनुशासन और उत्तरदायित्व से होती है। यदि यह मान लिया जाए कि किसी राजनीतिक दल या उसके समर्थकों द्वारा आयोजित आंदोलन में कुछ असामाजिक और हिंसक तत्वों ने प्रवेश कर उसे अराजक दिशा देने का प्रयास किया, तो ऐसी स्थिति में सरकार का प्राथमिक दायित्व कानून-व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है। समय रहते प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई, भले ही उससे कुछ अप्रिय घटनाएं हुई हों, व्यापक अराजकता और राष्ट्रीय संस्थानों को संभावित क्षति से बचाने के उद्देश्य से देखी जा सकती है। साथ ही, लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह भी अपेक्षित है कि विपक्ष जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए हिंसा और तोड़फोड़ से स्पष्ट दूरी बनाए तथा वैध मांगों के समर्थन और अवैध कृत्यों के विरोध के बीच स्पष्ट रेखा खींचे। लोकतंत्र तभी सुदृढ़ होता है जब सरकार कानून के शासन का पालन करे, विपक्ष जिम्मेदार आचरण करे और आंदोलन संविधान की मर्यादाओं एवं शांतिपूर्ण तरीकों के भीतर संचालित हों।

राजनीतिक दलों की भूमिका भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी दल का यह दायित्व है कि वह जनभावनाओं को सकारात्मक दिशा दे। यदि कोई राजनीतिक संगठन या उसके समर्थक आंदोलन के दौरान हिंसा, तोड़फोड़ या कानून हाथ में लेने को प्रोत्साहित करते हैं, तो उसकी लोकतांत्रिक विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। विपक्ष लोकतंत्र का अनिवार्य अंग है, लेकिन उसका धर्म केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक विकल्प प्रस्तुत करना भी है। यदि किसी भी पक्ष द्वारा जनआंदोलनों का उपयोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है, तो अंततः लोकतंत्र ही कमजोर होता है। सरकारों को भी यह आत्ममंथन करना चाहिए कि जनआक्रोश की स्थितियां क्यों बनती हैं। संवाद के द्वार हमेशा खुले रहने चाहिए। पारदर्शी निर्णय, समय पर संवाद और शिकायतों के समाधान की प्रभावी व्यवस्था अनेक आंदोलनों को उग्र होने से पहले ही शांत कर सकती है। लोकतंत्र में शासन का अर्थ केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि विश्वास अर्जित करना भी है।

भविष्य के लिए कुछ स्पष्ट सिद्धांत निर्धारित किए जाने चाहिए। प्रत्येक बड़े आंदोलन के लिए पूर्व अनुमति, निर्धारित मार्ग, आयोजकों की स्पष्ट जवाबदेही, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, हिंसा की स्थिति में त्वरित पहचान और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित हो। साथ ही पुलिस को भी भीड़ नियंत्रण के आधुनिक, वैज्ञानिक और न्यूनतम आवश्यक बल के सिद्धांतों पर निरंतर प्रशिक्षित किया जाए। इससे नागरिक अधिकारों और कानून-व्यवस्था के बीच बेहतर संतुलन स्थापित होगा। लोकतंत्र का सौंदर्य इस बात में नहीं कि कितनी जोर से नारे लगाए गए, बल्कि इस बात में है कि कितनी गंभीरता से संवाद हुआ। संसद जनता की आकांक्षाओं का मंदिर है। यदि कोई समूह अपनी बात संसद तक पहुंचाना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए, लेकिन संसद पर दबाव बनाने या उसे घेरने की संस्कृति लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करती है। लोकतंत्र में जनमत सर्वोपरि है, भीड़तंत्र नहीं।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ विश्वगुरु बनने की दिशा में भी अग्रसर है। ऐसे समय में हमें विरोध की भी ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी जो विश्व के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करे। हमारे आंदोलन व्यवस्था को तोड़ने के नहीं, व्यवस्था को बेहतर बनाने के माध्यम बनें। हमारे प्रदर्शन राष्ट्र को विभाजित करने के नहीं, लोकतांत्रिक चेतना को समृद्ध करने के साधन बनें। अंततः यह स्मरण रखना होगा कि अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब कर्तव्यों का भी समान रूप से पालन किया जाए। यदि आंदोलन संविधान की मर्यादाओं में रहकर होंगे, तो सरकार भी अधिक उत्तरदायी बनेगी और लोकतंत्र भी अधिक सशक्त होगा। भारत को ऐसे आंदोलनों की आवश्यकता है जो व्यवस्था को चुनौती देने के बजाय उसे सुधारने की प्रेरणा दें। जो युवाओं को उग्रता नहीं, उत्तरदायित्व सिखाएं और जो राष्ट्रहित को दलगत हितों से ऊपर रखकर लोकतंत्र को और अधिक परिपक्व, अनुशासित तथा जनोन्मुख बनाने का मार्ग प्रशस्त करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



*“आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ विश्वगुरु बनने की दिशा में भी अग्रसर है। ऐसे समय में हमें विरोध की भी ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी, जो विश्व के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करे। हमारे आंदोलन व्यवस्था को तोड़ने के नहीं, व्यवस्था को बेहतर बनाने के माध्यम बनें। हमारे प्रदर्शन राष्ट्र को विभाजित करने के नहीं, लोकतांत्रिक चेतना को समृद्ध करने के साधन बनें। अंततः यह स्मरण रखना होगा कि अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब कर्तव्यों का भी समान रूप से पालन किया जाए। यदि आंदोलन संविधान की मर्यादाओं में रहकर होंगे, तो सरकार भी अधिक उत्तरदायी बनेगी और लोकतंत्र भी अधिक सशक्त होगा।”*

*“लोकतंत्र की रक्षा भावनाओं से नहीं, बल्कि अनुशासन और उत्तरदायित्व से होती है। यदि यह मान लिया जाए कि किसी राजनीतिक दल या उसके समर्थकों द्वारा आयोजित आंदोलन में कुछ असामाजिक और हिंसक तत्वों ने प्रवेश कर उसे अराजक दिशा देने का प्रयास किया, तो ऐसी स्थिति में सरकार का प्राथमिक दायित्व कानून-व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है। समय रहते प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई, भले ही उससे कुछ अप्रिय घटनाएं हुई हों, व्यापक अराजकता और राष्ट्रीय संस्थानों को संभावित क्षति से बचाने के उद्देश्य से देखी जा सकती है।”*

**व्यंग्य**

## आदेश का रोजगार कनेक्शन



प्रीतम लखवाल
व्यंग्यकार

इस देश में बेरोजगारी समस्या नहीं है। समस्या तो अवसर खोजने की है। लोग बेकार ही सरकार को बदनाम करते रहते हैं। अगर बेरोजगारी समस्या होती तो सरकार तत्काल बिल पास करा लेती। पर ऐसा नहीं है। इस देश में युवाओं में भी गजब की कैचिंग पावर है। इधर, जिले के मालिक जिन्हें सरकारी भाषा में कलेक्टर नाम से विभूषित किया गया है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आदेश जारी कर दिया कि अब बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। मंशा सड़क दुर्घटना और यातायात नियमों के पालन की थी, लेकिन पेट्रोल पंप के आसपास 10-12 युवक हाथ में हेलमेट लिए घूमने लगे। यहां आने वाले वाहन चालक (जो हेलमेट पहनने को झंझट समझते हैं और अपने बालों का करीने से जमे होने को बिगड़ना मानते हैं) को यह युवक कान में फुसफुसाकर कहते हैं कि 10 रुपए दो और हेलमेट पहनकर ईंधन भरवा लो। कलेक्टर के आदेश से पेट्रोल पंप संचालक तो मान ही गए कि ईंधन नहीं देना है, लेकिन यह नियम तो बताया ही नहीं गया कि हेलमेट खरीदने का बिल भी देखना है। युवकों की इस पहल से दो बातें हो गईं। एक तो वाहन चालक को 'ईंधन' मिल गया और उसे धन। इससे अच्छा रोजगार का कनेक्शन हो नहीं सकता। उधर, कलेक्टर साहब भी खुशी के मारे दोहरे हुए जा रहे हैं कि उनके दिए आदेश को कितना 'मान' मिल रहा है। इधर, 10 रुपए दो और ईंधन लो वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल क्या हुए। कलेक्टर साहब फिर खुश हो गए कि चलो कुछ युवाओं को तो कुछ तो काम मिल ही गया। उन्होंने खुद ही अपनी पीठ थपथपाई और सीएम हाउस फोन घुमा दिया। सड़क सुरक्षा गई तेल लेने। वैसे हेलमेट पहनकर गड्ढों से सुसज्जित सड़क पर वाहन दौड़ाकर वाहन चालक अपनी कम गड्ढों की सुरक्षा अधिक करते हैं। एक तरह से यह भी सड़क सुरक्षा अभियान का नवाचार ही है कि ठेकेदार कमीशन दे-देकर कितना बचा पाएगा कि इसमें सड़क भी बना दे और अपने बच्चों की फरमाइश भी पूरी कर दे। इसलिए हेलमेट अनिवार्यता नियम एक पंथ दो काज वाला साबित हो रहा है। बेरोजगारों को काम और सड़क की सुरक्षा हो रही है। सिर का क्या है जनता को तो उसे ओखली में देने की आदत है। सड़क दुर्घटना से बच भी जाएगा तो ओखली से कैसे बचेगा। पूरे देश में आंकड़े गिनाए जाते हैं कि इतनों की नौकरी चली गई, इतनों को रोजगार नहीं मिल रहा, लेकिन असल मुद्दा यह है कि युवाओं के दिमाग में यह आइडियालॉजी बैठती ही नहीं कि कोई भी सरकारी या प्रशासनिक आदेश उसके लिए रोजगार का अवसर है। अगर सरकार या प्रशासन यह आदेश जारी कर दे कि भोजनालयों के शटर दोपहर 12 बजे लंच ब्रेक में खुलेंगे तो बेकार बैठा युवक रेहड़ी पर पकोड़े बेचकर अपना पर्स समृद्ध कर सकता है और सरकार प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए बेरोजगार प्रशासन के द्वार भी जा सकता है। कहने का आशय है कि आप आदेश का इंतजार करें और बस आपका रोजगार चालू। काहे कोसना कि....हम बेरोजगार हैं।

X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
22nd Commonwealth Table Tennis Championships 2026 में भारतीय पुरुष एवं महिला टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! दोनों टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन, अनुशासन और अदम्य टीम भावना से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। आप सभी भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल से भारत का मान बढ़ाते रहें, यही मंगलकामना है।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

**नॉलेज कॉर्नर:** कितने तरह की होती हैं कांवड़ यात्रा, क्या हैं इनके नियम?

# आस्था, अनुशासन और परंपरा के विविध स्वरूप

सावन मास के साथ देशभर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का सबसे बड़ा पर्व कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। लाखों शिवभक्त गंगा और अन्य पवित्र नदियों से जल भरकर पैदल, दौड़ते हुए या विशेष नियमों का पालन करते हुए अपने आराध्य भगवान शिव के मंदिरों की ओर बढ़ रहे हैं। इस वर्ष यह यात्रा 11 अगस्त तक चलेगी। उत्तर भारत सहित कई राज्यों में निकलने वाली कांवड़ यात्राएं केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अनुशासन, तप, संयम और सामूहिक आस्था का भी प्रतीक हैं। हालांकि सभी कांवड़ यात्राएं एक जैसी नहीं होतीं, इसके कई स्वरूप हैं। आइए जानते हैं कांवड़ यात्रा के प्रमुख प्रकार और उनकी विशेषताएं।

### सामान्य (बैठी) कांवड़

यह कांवड़ यात्रा का सबसे प्रचलित स्वरूप है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार पैदल यात्रा करते हैं और रास्ते में विश्राम भी कर सकते हैं। इस यात्रा में विश्राम के दौरान कांवड़ को किसी स्टैंड, पेड़ या विशेष सहारे पर टांगा जाता है।

### डाक कांवड़

डाक कांवड़ सबसे तेज गति से पूरी की जाने वाली यात्रा मानी जाती है। इसमें श्रद्धालु गंगाजल लेकर बिना लंबे विश्राम के निर्धारित समय में शिव मंदिर तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। यह यात्रा प्रायः समूह में होती है, जहां सदस्य एक-दूसरे की सहायता करते हैं।

### खड़ी कांवड़

खड़ी कांवड़ यात्रा एक कठिन और विशेष धार्मिक यात्रा है, जिसमें मुख्य नियम यह है कि कांवड़ को जमीन पर नहीं रखा जाता। यदि एक भक्त थक जाता है, तो उसका सहयोगी साथी तुरंत कावड़ को अपने कंधे पर उठा लेता है। इस यात्रा में कांवड़ को किसी भी स्थिति में सीधे जमीन या धरती पर नहीं रखा जाता है। सहयोग और अनुशासन: यह यात्रा आपसी सहयोग, अटूट श्रद्धा और सेवा भाव का बड़ा प्रतीक मानी जाती है।



### झांकी कांवड़

झांकी कांवड़ अपनी आकर्षक सजावट के लिए प्रसिद्ध है। इसमें भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी और धार्मिक कथाओं से जुड़े दृश्य सजाए जाते हैं। रंग-बिरंगी लाइटें, फूल, धार्मिक चित्र और भजन-कीर्तन इसे विशेष बनाते हैं। यह यात्रा प्रायः समूह में निकाली जाती है, जिसमें कुछ लोग कांवड़ उठाते हैं और अन्य व्यवस्था संभालते हैं।

### बड़ी कांवड़

विशाल कांवड़ अपने बड़े आकार और भव्य स्वरूप के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित करती है। इसे उठाने और संभालने के लिए कई श्रद्धालुओं की आवश्यकता होती है। यात्रा के दौरान मोड़, विश्राम और भीड़ वाले स्थानों पर विशेष योजना बनानी पड़ती है। ऐसी कांवड़ सामूहिक श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का प्रतीक मानी जाती है।

### कई राज्यों में कांवड़ यात्रा की अलग पहचान

कांवड़ यात्रा मुख्य रूप से उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में गिनी जाती है, लेकिन इसका स्वरूप देश के कई राज्यों में अलग-अलग परंपराओं के साथ दिखाई देता है। उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश और गोमुख से लाखों श्रद्धालु गंगाजल लेकर निकलते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में यह यात्रा व्यापक स्तर पर आयोजित होती है। बिहार-झारखंड की बोल बम यात्रा सुल्तानगंज से देवघर तक लगभग 105 किलोमीटर की पदयात्रा के लिए प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश में नर्मदा जल से महाकाल और ओंकारेश्वर, जबकि पंजाब, हिमाचल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र में भी स्थानीय परंपराओं के अनुसार कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है।

### दांडी कांवड़

*दांडी कांवड़ सबसे कठिन और तपस्वी स्वरूपों में गिनी जाती है। इसमें श्रद्धालु दंडवत प्रणाम करते हुए या विशेष अनुशासन के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं। यह यात्रा शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और गहन आस्था की परीक्षा मानी जाती है। इसके नियम अलग-अलग क्षेत्रों की परंपराओं के अनुसार बदल सकते हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आंध्र प्रदेश और कर्नाटक दौरा आज, देंगे कई सौगातें

# PM आंध्र में एयर पोर्ट, मैसूरु में विवेकानंद केंद्र का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक का दौरा करेंगे। इस दौरान वह एक नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एयर पोर्ट) का उद्घाटन करेंगे तथा 17,900 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। वहीं, शनिवार दोपहर पीएम मोदी कर्नाटक के मैसूरु स्थित रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र- विवेक स्मारक का उद्घाटन करेंगे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री सबसे पहले आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगापुरम स्थित अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और भोगापुरम में 17,900 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे।

बयान के अनुसार, 5,640 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित ग्रीनफील्ड अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रतिवर्ष 60 लाख यात्रियों की क्षमता के अनुरूप तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम में एएसआईपी सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे, जिसे 460 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से विकसित किया जा रहा है।



आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में नव विकसित अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का अंदर का दृश्य।

### 81,000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है 'विवेक स्मारक'



कर्नाटक के मैसूरु स्थित रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र- विवेक स्मारक नवंबर 1892 में स्वामी विवेकानंद की मैसूरु यात्रा की ऐतिहासिक स्मृति को समर्पित है। ऐतिहासिक निरंजन मठ परिसर में स्थापित यह विवेक स्मारक 81,000 वर्ग फीट से अधिक निर्मित क्षेत्र में फैला है। स्वामी विवेकानंद के जीवन, संदेश और आदर्शों को समर्पित यह सांस्कृतिक युवा केंद्र मूल्य-आधारित शिक्षा, नेतृत्व विकास और व्यक्तित्व निर्माण का एक सशक्त केंद्र बनने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री स्मारक के उद्घाटन के बाद एक सभा को भी संबोधित करेंगे

### उमर अब्दुल्ला व उनकी पत्नी के तलाक को मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनसे अलग रह रहीं उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला के विवाह विच्छेद को मंजूरी दे दी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की उस दलील का संज्ञान लिया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे अपनी अपनी जिंदगी में खुश हैं। न्यायालय ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की दलीलों पर ध्यान दिया। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और न्यायाधीश आलोक अराधे की पीठ दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें उमर अब्दुल्ला की ओर से क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग वाली याचिका भी शामिल थी।

### तसलीमा नसरीन 19 साल बाद कोलकाता लौटीं



**कोलकाता।** निर्वासन में रह रहीं बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन शुक्रवार को लगभग 19 साल बाद कोलकाता लौटीं तथा उन्होंने इस यात्रा को उस शहर (कोलकाता) में भावनात्मक घर वापसी बताया, जिसे वह आज भी अपना मानती हैं। उनका आगमन शनिवार को होने वाले एक साहित्यिक कार्यक्रम से ठीक पहले हुआ है, जिसे पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार के तहत राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए इंतजार कर रहे लोगों का नसरीन ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कहा, वापस आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को दी चेतावनी, कहा-

# भेष बदलकर आने से संसद की पवित्रता व मर्यादा होती है खत्म

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को भेष बदलकर संसद में आने वाले कुछ सांसदों को चेतावनी दी और कहा कि वे संसद की पवित्रता और मर्यादा को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने यह चेतावनी उस वक्त दी जब निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताते हुए 'पुजारी' की वेशभूषा में पहुंचे थे। सदन की बैठक शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई के मुद्दे पर आसन के निकट पहुंचकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला का कहना था कि सदन के अंदर तख्तियां और बैनर लेकर आना संसद की परंपराओं और मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। कुछ सदस्य जिस तरह भेष बदल-बदलकर आते हैं, उन्हें मेरी चेतावनी है। कई सदस्यों ने मुझसे मिलकर और मुझे लिखकर कहा है कि संसद भवन और संसद परिसर की पवित्रता और मर्यादा बनी रहनी चाहिए।




नई दिल्ली में शुक्रवार को संसद परिसर में भेष बदलकर पहुंचे निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और प्रदर्शन करते हुए विपक्षी दलों के सांसद।

### 'पुजारी' बनकर पहुंचे सांसद पप्पू यादव

इससे पहले विपक्ष के नेताओं ने शुक्रवार को संसद परिसर में अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले को नाट्यकला के माध्यम से दर्शाते हुए भाजपा पर निशाना साधा और इस मामले पर संसद में चर्चा कराने तथा जवाबदेही तय करने की मांग की। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय लोकसभा सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पुजारी का वेश धारण करके संसद भवन के 'मकर द्वार' के सामने 'दान पेटी' के साथ बैठे थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई नेता उस 'दान पेटी' में पैसे डालने के लिए गए तो पप्पू यादव ने पैसे अपनी जेब में डाल लिए और यह दर्शाने का प्रयास किया कि इसी तरह से राम मंदिर के चढ़ावे को चुराया गया था। फैजाबाद (अयोध्या) से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, आज यह मुद्दा पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह कहा जा सकता है कि इस लड़ाई की शुरुआत अखिलेश यादव ने की थी और इसे आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है, जो हमें अयोध्या की जनता ने सौंपी है। अयोध्या का अपमान हुआ है, तो हम इस मुद्दे को पूरी दृढ़ता के साथ उठाएंगे। हम इसे संसद में भी उठाएंगे और इस पर चर्चा की मांग भी करेंगे। विपक्षी सदस्यों ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ भी संसद परिसर में नारेबाजी की।

### संसद में हंगामा, बैठक दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए हंगामा किया जिसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने शोर-शराबा नहीं थमने पर पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। बैठक 12 बजे फिर शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच ही जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। इसके बाद बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उधर राज्यसभा में भी नीट प्रश्न पत्र लीक होने के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री के बयान की मांग और राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। इस वजह से राज्यसभा की बैठक शुरू होने के करीब बीस मिनट बाद ही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

## मानसून कमजोर पड़ने की चेतावनी

# अगस्त-सितंबर में सामान्य से कम वर्षा संभव: IMD

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को जारी अपने मासिक पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दूसरे हिस्से के तहत अगस्त से सितंबर तक देशभर में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रशांत महासागर में मध्यम स्तर का 'अल नीनो' बने रहने के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर पड़ सकता है।

बारिश 'दीर्घावधि औसत' 94 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान जताया गया है। दीर्घावधि औसत (एलपीए) 1971 से 2020 के ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर, अगस्त से सितंबर की अवधि के दौरान पूरे देश में बारिश का एलपीए 422.8 मिलीमीटर है। एलपीए, किसी खास इलाके में एक तय समय (जैसे महीना या मौसम) में हुई बारिश का औसत है, जो आमतौर पर 30 से 50 साल की लंबी अवधि के आधार पर निकाला जाता है। आईएमडी के अनुसार अगस्त के दौरान देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की उम्मीद है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत, पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी-मध्य भारत और पूर्वी प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि अभी चल रहा 'अल नीनो' अगस्त तक मध्यम तीव्रता का बना रहेगा और सितंबर में और तेज हो जाएगा। ज्यादातर ग्लोबल क्लाइमेट मॉडल बताते हैं कि प्रशांत महासागर की यह गर्म स्थिति 2027 की शुरुआत तक बनी रहेगी। हालांकि, हिंद महासागर से भी एक सकारात्मक संकेत मिल रहा है। कई अंतरराष्ट्रीय जलवायु मॉडल बताते हैं कि सितंबर तक 'पॉजिटिव इंडियन ओशन डाइपोल' (IOD) बन सकता है। यह एक ऐसी घटना है जो आमतौर पर भारत में मॉनसून की बारिश को बढ़ाती है और अल-नीनो के बुरे असर को कुछ हद तक कम कर सकती है।



## रूस-यूक्रेन युद्ध: भारतीयों की मदद के लिए SC का निर्देश

# नोडल अधिकारी नियुक्त करे केंद्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह विदेश मंत्रालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए, लापता या घायल हुए भारतीयों के परिजनों के साथ समन्वय स्थापित करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश वी. मोहना की पीठ ने विदेश मंत्रालय को यह भी निर्देश दिया कि मारे गए लोगों से उनके परिजनों का डीएनए मिलान कराने की व्यवस्था की जाए। पीठ ने विदेश मंत्रालय से कहा कि वह प्रभावित परिवारों को नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास में मुआवजे के दावे दाखिल करने में सहायता प्रदान करे तथा मामले से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी और अद्यतन सूचनाएं स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराए। पीठ ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को भी निर्देश दिया कि वे परिजनों को शव प्राप्त करने और मुआवजे के दावे दाखिल करने में हरसंभव सहायता प्रदान करें।



### दो दर्जन भारतीय कर रहे रूसी सेना में काम: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि करीब दो दर्जन भारतीय नागरिक अब भी रूस की सेना में काम कर रहे हैं और उनकी वहां से रिहाई की कोशिशें चल रही हैं। भारत बार-बार रूस से कह रहा है कि वह रूसी सैन्य इकाइयों में रसोइये और सहायक जैसे कर्मियों के तौर पर काम कर रहे सभी भारतीयों को रिहा कर दे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीयों से नौकरियों के ऐसे प्रस्तावों से दूर रहने को कहा है, जिनमें जोखिम हो।

### ABVP की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक आज से कोच्चि में

**कोच्चि।** भारतीय जनता पार्टी के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक एक अगस्त से कोच्चि के पास अलुवा में आयोजित होगी।

बैठक में शिक्षा, संगठन से जुड़े मुद्दों, देश के राजनीतिक परिदृश्य और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार एबीवीपी ने शुक्रवार को बताया कि बैठक में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय संगठन सचिव और देशभर के प्रमुख पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# 'मनगढ़ंत आरोप लगा रहे राहुल-प्रियंका'

### ठाकुर ने बिरला को सौंपा राहुल के खिलाफ नोटिस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर लोकसभा में मनगढ़ंत आरोप लगाकर सदन के नियमों की अवहेलना का आरोप लगाया। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को नोटिस दिया है। ठाकुर ने विपक्षी दलों पर सशस्त्र बलों और पुलिस का अपमान करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता सैन्य अभियानों पर सवाल उठाते हैं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठे आरोप लगाते हैं और संसद में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : F-JDA/PRO/2026/D-V-106 दिनांक: 30.07.2026

**शहरी सेवा शिविर । आम सूचना**

आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये गये है। जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट jda.rajasthan.gov.in पर जाकर देख सकते है। अत : इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से online अथवा जोन कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं | जोन / आवेदन क्रमांक | भू.सं. | गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम | आवेदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 / 317225 | 175 | (Private) Vardhman Sarover-C Name Transfer | Shwetank Singh S/o Ajay Kishan Singh एवं Aryan Singh S/o Ajay Kishan Singh |
| 2 | C / 316673 | 105 | (Cooperative) Laxmi Nagar (Shree Laxmi GNSS), Name Transfer | Vikas Shrivastava S/o A.P. Shrivastava एवं Vivek Shrivastava S/o Ayodhya Prasad एवं Vinay Kuamr Srivastava |
| 3 | 12 / 305246 | 61 | (Private) Manglam City Sector/Block-D Sub Division and Reconstitution | Sonam Choudhary S/o Kailash Chand Choudhary |
| 4 | 12 / 305245 | 62 | (Private) Manglam City Sector/Block-D Sub Division and Reconstitution | Sonam Choudhary S/o Kailash Chand Choudhary |
| 5 | 08 / 312043 | SC60 | (Private) Parsavnath Narayan City Issue Free Hold E-Patta | Vijay Goyal W/o Vishnu एवं Manoj Kumar Bansal S/o Subhash Chand Bansal |
| 6 | 14 / 308862 | 24 | (Private) Goverdhan Vihar Sector/Block-C-2 Issue Free Hold E-Patta | Rekha Swami W/o Shashi Swami एवं Bhavesh Vaishnav S/o Shashi Swami एवं Aayush Vaishnav S/o Shashi Swami |
| 7 | 14 / 314952 | 14/IA/309 | (JDA) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-IA, Name Transfer | Mahesh Chand Gupta S/o Anandi Lal Gupta |
| 8 | 14 / 311520 | 66 | (Private) Bhaskar Enclave Sector/Block-A, Issue Free Hold E-Patta | Anil Agdayemawer S/o Jagdish Prasad Agdayemawer |
| 9 | 14 / 314797 | 106 | (Private) Ganga Enclave-I Issue Free Hold E-Patta | Mahesh Chand Meena S/o Ramnarayan Meena |
| 10 | 14 / 311236 | 14/OJ/S/129 | (Private) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OJ Issue Free Hold E-Patta | Rohit Agarwal S/o Mahesh Agarwal |
| 11 | 14 / 311116 | 14/OJ/S/102 | (Private) Ring Road Project (Zone-14) Sector/Block-OJ Issue Free Hold E-Patta | Rohit Agarwal S/o Mahesh Agarwal |
| 12 | 07 / 314061 | 179 | (Cooperative) Vidyut Nagar Sector/Block-A, Name Transfer | Sandeep Bansiwal S/o Babulal Bansiwal |
| 12 | 07 / 315019 | 25 | (Private) Vaishali Eligance Name Transfer | Manisha Sharma W/o Rahul Rajendra Sharma |

राज.संवाद/सी/26/8300


## 'अटल इनोवेशन मिशन' के इनोवेटर्स की राष्ट्रपति से भेंट

# भारत बन सकता है नवाचार की बड़ी ताकत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने व्यापक स्वरूप और नवाचार की भावना का उपयोग करके जमीनी स्तर के नवाचार में विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनने की क्षमता रखता है।

राष्ट्रपति मुर्मू से 'अटल इनोवेशन मिशन' के तहत जमीनी स्तर पर नवाचार करने वाले लोगों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। इस दौरान के दौरान मुर्मू ने कहा कि सामाजिक बदलाव सिर्फ विचारों से नहीं आते, इन विचारों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे माहौल की जरूरत होती है जो प्रतिभा को सही दिशा प्रदान करे और उन्हें उचित मंच और संसाधन उपलब्ध कराए। मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि जमीनी स्तर के नवाचार समाज की जरूरतों के हिसाब से बहुत उपयुक्त होते हैं, क्योंकि इनमें स्थानीय अनुभव, वैज्ञानिक सोच और व्यक्तिगत रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी शामिल होती है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में अटल इनोवेशन मिशन के इनोवेटर्स के एक समूह की प्रदर्शनी के दौरान इनोवेटर्स, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और अन्य लोगों के साथ।

### नवोन्मेषी सोच से विकसित भारत का सपना साकार

राष्ट्रपति ने कहा कि 'विकसित भारत' का सपना तब सच होगा, जब हर नागरिक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए नवोन्मेषी सोच के साथ काम करेगा। मुर्मू ने इस बात को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की कि अलग-अलग संस्थान और नागरिक एक साझा मकसद के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और नवाचार की संस्कृति मजबूत हो रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि ऐसी कोशिशों का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।

# स्पेन की सीमा में घुसे मोरक्को के हजारों प्रवासी

- 24 घंटे में 60,000 प्रवासी स्पेन के सेउटा में घुसे
- सेउटा में घुसे प्रवासी शहर की कुल आबादी के 70% के बराबर
- सीमा पार करने के प्रयासों में 34 प्रवासियों की मौत
- स्पेन सरकार ने सीमा पर सेना की तैनाती
- कंटीले तारों की बाड़ को तोड़ा गया
- समुद्र में तैरकर, टायरों के ट्यूब के सहारे या तटीय किनारों पर पैदल चलकर सीमा पार कर रहे हैं प्रवासी



*मोरक्को से स्पेन के इलाके सेउटा में घुसने की कोशिश कर रहे प्रवासी।*

**सेउटा(स्पेन)।** स्पेन के उत्तरी अफ्रीकी शहर सेउटा में मोरक्को की सीमा से हजारों प्रवासियों की अचानक घुसपैठ के कारण गंभीर मानवीय और सुरक्षा संकट पैदा हो गया है। सीमा पार करने की कोशिश में अब तक 34 प्रवासियों की मौत हो चुकी है।

पिछले 24 घंटों में मोरक्को से लगभग 60,000 प्रवासी स्पेन के सेउटा में दाखिल हुए हैं। यह संख्या सेउटा शहर की नियमित जनसंख्या के 70 फीसद के बराबर है। हालात बेकाबू होने के बाद स्पेन सरकार ने सीमा पर व्यवस्था बहाल करने के लिए सेना तैनात कर दी है।

गुरुवार को सीमा पर भड़का संकट शुक्रवार को भी जारी रहा जहां सीमा के मोरक्को वाले क्षेत्र में सुरक्षाबलों एवं प्रवासियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने शुक्रवार को सेउटा में अपने संबोधन में सीमा उल्लंघन की निंदा की और इन घटनाओं को 'स्पेन की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन' बताया।

### स्थानीय लोगों में दहशत

स्थिति के बेकाबू होने के कारण सेउटा में दहशत का माहौल है और कई दुकानें तथा व्यवसाय बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय व्यापारियों को लगता है कि पुलिस बल अपर्याप्त है, जिसके कारण उन्होंने अपनी और अपने व्यवसायों की सुरक्षा के लिए स्वयं-रक्षा समूहों का आयोजन भी शुरू कर दिया है।

### सीमा पर तैनात सिविल गार्ड पुलिस लाचार

जुलाई के अंतिम सप्ताह में हजारों की संख्या में प्रवासियों ने मोरक्को से स्पेनिश क्षेत्र सेउटा में प्रवेश करना शुरू कर दिया। प्रवासियों ने मुख्य रूप से तराजल ब्रेकवाटर के पास समुद्र में तैरकर, टायरों के ट्यूब के सहारे या तटीय किनारों पर पैदल चलकर सीमा पार की। कई जगह कंटीले तारों की बाड़ को भी तोड़ा गया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि सीमा पर तैनात स्पेन की सिविल गार्ड पुलिस पूरी तरह से लाचार नजर आई।

### स्पेन और मोरक्को में कूटनीतिक तनाव

सेउटा को लेकर स्पेन और मोरक्को के बीच लंबे समय से खींचतान रही है। सेउटा यूरोपीय संघ की बाहरी सीमा है, इसलिए इस घटना ने पूरे यूरोप की नींद उड़ा दी है। इटली ने चेतावनी दी है कि यह अनियंत्रित घुसपैठ पूरे यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा है। इटली ने बिना वीजा वाले 'शेंगेन' ओपन-बॉर्डर सिस्टम की समीक्षा करने तक की मांग उठा दी है।

## चार मंजिला इमारत ढही, 10 लोगों की मौत



**ठाणे।** महाराष्ट्र के भिवंडी में स्थानीय नगर निकाय द्वारा 'खतरनाक' घोषित चार मंजिला इमारत के ढहने से 10 लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। आशंका है कि तीन लोग मलबे के नीचे फंसे हैं और उन्हें बचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुंबई से करीब 50 किलोमीटर दूर पावरलूम नगरी भिवंडी में बालाजी नगर क्षेत्र स्थित कोहिनूर बिल्डिंग का एक हिस्सा गुरुवार रात 11 बजकर 20 मिनट पर ढह गया। मौके पर एनडीआरएफ और स्थानीय अग्निशमन विभाग की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक बचाव अभियान चलाया।

## नेपाल: सप्तरी जिले में भी कर्फ्यू लगाया

**काठमांडू।** नेपाल के अधिकारियों ने सुनसरी जिले में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में प्रदर्शन शुरू होने के बाद शुक्रवार को भारत की सीमा से लगे सप्तरी जिले के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। इस नए आदेश के बाद अब चार जिलों में कर्फ्यू लागू हो गया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने तनावपूर्ण स्थिति पर लोगों से शांति, एकता व संयम बनाए रखने की अपील की।

## पीओके में पाक की 'बर्बरता' की जांच की जाए: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ इस्लामाबाद के बर्बर बल प्रयोग की जांच करने और इन अत्याचारों के लिए उसे जवाबदेह ठहराने की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से शुक्रवार को अपील की। खबरों के मुताबिक, पीओजेके में स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान 27 जुलाई से सुरक्षा बलों की कार्रवाई में करीब 40 लोग मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान पीओजेके में शांतिप्रिय नागरिकों के खिलाफ बर्बरता से बल प्रयोग कर रहा है।

### अमेरिका की विदेशी छात्रों पर एक और गाज गिराने की तैयारी


# पढ़ाई के बाद नौकरी तो देने होंगे 1 लाख डॉलर!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वहां काम करने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए जारी किए जाने वाले वीजा पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने की योजना बना रहा है। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की यह पहल ऐसे समय सामने आई है, जब एक अमेरिकी अदालत ने एच-1बी वीजा पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने के प्रस्ताव को रद्द कर दिया था।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) 'ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग' (ओपीटी) वीजा पर यह भारी शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। ओपीटी वीजा, छात्रों को जारी किए जाने वाले एफ-1 वीजा का विस्तार होता है। ओपीटी कार्यक्रम के तहत विदेशी छात्र अपनी पढ़ाई से सीधे जुड़े क्षेत्रों में एक से तीन वर्ष तक अमेरिका में काम कर सकते हैं।

ओपीटी कार्यक्रम अमेरिका में पढ़ाई करने का विकल्प चुनने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण माना जाता है क्योंकि इसके तहत उन्हें डिग्री पूरी करने के बाद अमेरिका में काम करने का अवसर मिलता है। यदि ओपीटी की सुविधा नहीं होगी, तो अधिकतर अंतरराष्ट्रीय छात्रों को स्नातक की पढ़ाई पूरी होते ही अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। ऐसे में अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्राप्त उनके कौशल और विशेषज्ञता का लाभ अमेरिका के बजाय दूसरे देशों के रोजगार बाजारों को मिलेगा।



### ओपीटी के तहत 2024 में 4,19,000 विदेशी नागरिक कर रहे थे काम

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2024 में लगभग 4,19,000 विदेशी नागरिक ओपीटी के तहत अमेरिका में काम कर रहे थे। अमेरिकी विश्वविद्यालयों से सबसे अधिक भर्ती करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के प्रस्ताव का विरोध किया था।

### कानूनी आव्रजन प्रणाली के विभिन्न विकल्पों पर विचार

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि जब तक किसी नीति की औपचारिक घोषणा नहीं हो जाती, तब तक उसे अंतिम नहीं माना जाना चाहिए। डीएचएस में हम लगातार इस बात पर विचार करते रहते हैं कि कानूनी आव्रजन प्रणाली की विश्वसनीयता और निष्पक्षता की रक्षा के लिए उपलब्ध सभी विकल्पों का किस तरह उपयोग किया जाए।

### बाहर से ग्रीन कार्ड आवेदन पर भी भारी शुल्क संभव

रिपोर्ट में कहा गया है कि एच-1 बी और छात्र वीजा के अलावा विदेश मंत्रालय के अधिकारी अमेरिका के बाहर से ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वालों पर भी 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का बॉण्ड (सुरक्षा राशि) लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह राशि तभी वापस की जाएगी, जब आवेदक अमेरिका आकर वहां का नागरिक बन जाएगा।

### 100% तक शुल्क वाले बिल पर करीबी नजरः भारत

**नई दिल्ली।** रूसी तेल एवं गैस के भारत, चीन समेत बड़े खरीदार देशों पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रावधान करने वाले विधेयक को अमेरिकी सीनेट में मंजूरी दिए जाने के बीच भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत का रुख कई बार स्पष्ट किया जा चुका है। यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों को विविध स्रोतों के जरिए पूरा करने पर आधारित है।

## पुलिसकर्मियों पर हमले की संसद में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के 'चलो संसद' मार्च के दौरान घायल हुए दिल्ली पुलिस के चार जवानों के परिजनों ने शुक्रवार को कहा कि संसद में उनकी पीड़ा पर भी चर्चा होनी चाहिए। परिजनों ने कहा कि अब तक इस पूरे घटनाक्रम पर हुई चर्चा मुख्य रूप से पुलिस प्रताड़ना के आरोपों पर ही केंद्रित रही है। 'कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) की पत्नी, एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की पत्नी तथा दो घायल पुलिस अधिकारियों के बच्चों ने यह बात कही।

## J&K: आतंकियों ने श्रमिकों पर गोलीबारी की, एक की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों ने शुक्रवार को एक ईंट-भट्ठे पर दो मजदूरों पर गोलीबारी की, जिससे एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हमलावरों ने देर शाम केलम स्थित ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि हमले में दो मजदूर घायल हुए। इनमें से एक ने अस्पताल ले जाने से पहले दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान दीपक रात्रे (24) के रूप में हुई है, जबकि बोपिंदर (28) घायल है। दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

### जयशंकर की ईरानी विदेश मंत्री अराघची से फोन पर बात, कहा-

# जहाजों और नाविकों पर हमले नहीं किए जाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को ईरान से दृढ़ता के साथ अपील की कि वह किसी भी हालत में वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर हमले नहीं करे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर हुई बातचीत के दौरान कहा कि भारत किसी भी पक्ष की ओर से किए गए ऐसे किसी भी हमले की निंदा करता है। जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, क्षेत्र में जारी संघर्ष को लेकर अराघची से बातचीत में अपनी गहरी चिंता जाहिर की। मैंने जोर देकर कहा कि किसी भी परिस्थिति में वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर हमलों से बचा जाना चाहिए।



जयशंकर ने कहा कि अराघची ने उन्हें मौजूदा घटनाक्रम और जारी वार्ताओं पर ईरान के दृष्टिकोण से अवगत कराया। उन्होंने कहा, भारत हमेशा संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है।

भारत होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों को लेकर लगातार गंभीर चिंता जताता रहा है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि फरवरी से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में 10 नाविकों सहित 16 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है, जबकि 75 अन्य घायल हुए हैं।

### सऊदी अरब ने बनाया 14 देशों का नौसैनिक गठबंधन

इस बीच दुनिया के अहम समुद्री रास्तों पर बढ़ते खतरे के बीच सऊदी ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र और कतर समेत अन्य 13 देशों के साथ मिलकर एक नया नौसैनिक गठबंधन बनाने का फैसला किया है। इसका मकसद बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और अदन की खाड़ी जैसे रणनीतिक इलाकों से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करना है। ईरान समर्थित हूती लड़ाकों के हमलों और अमेरिका-ईरान जंग की वजह से होर्मुज में पैदा हुए संकट ने दुनिया भर में तेल और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इस समझौते को रियाद में हुई एक सैन्य बैठक में अंतिम रूप दिया गया।

### गठबंधन में ये देश हैं शामिल

सऊदी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस गठबंधन के संस्थापक सदस्य देशों में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन, यमन, बांग्लादेश, नाइजीरिया, सूडान, जिबूती और सोमालिया शामिल हैं।




### इस्तीफे की गूंज और नया ठिकाना!

**पूर्व मंत्री जी के खाली बंगले पर नजरें गड़ाए बैठे हैं तीन नए दावेदार!**


हाल ही में इस्तीफा देने वाले एक पूर्व मंत्री जी ने अभी अपना सरकारी बंगला पूरी तरह खाली भी नहीं किया है कि नए दावेदारों ने नाप-जोख शुरू कर दी है। वास्तु के हिसाब से कौन सा कमरा किसे मिलेगा? खबर है कि दो राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त नेता तो आधी रात को ही बंगले के लॉन का मुआयना करने पहुंच गए थे। गार्ड ने जब रोका तो बोले, 'हम तो बस पेड़-पौधों की सेहत देखने आए थे!' अब सत्ता के इस पावर हाउस के नए मालिक का फैसला आलाकमान के अगले लिफाफे से ही तय होगा, तब तक पुराने साहब अपना सामान समेट रहे हैं!



### आलाकमान का सीक्रेट सर्वे!

**नेताओं की धड़कनें तेज, क्षेत्र में गुप्त रूप से घूम रहे हैं 'जासूस'!**

अगले बड़े चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में दिल्ली से भेजे गए गुप्त सर्वेक्षकों ने सांसदों-विधायकों की नींद उड़ा दी है। चर्चा है कि आलाकमान ने जमीनी हकीकत जानने के लिए बिना बताए कुछ सर्वे एजेंसियां मैदान में उतार दी हैं। अब नेताजी क्षेत्र के हर ढाबे और चाय की दुकान पर अपने आदमियों को बैठाकर यह पता लगाने में जुटे हैं कि सर्वे वाला बंदा आखिर आया किधर से था! प्रश्न यह है कि क्या यह सर्वे केवल टिकट काटने का बहाना है या वाकई में जनमत टटोलने की गंभीर कोशिश?




### दिल्ली का मौसम और दलबदल की हवा!

**दिल्ली के सुहावने मौसम में रंग बदल रहे हैं मौसम वैज्ञानिक नेता!**

दिल्ली में मानसून की फुहारों के बीच राजनीतिक मौसम भी तेजी से करवट ले रहा है। कई ऐसे 'मौसम वैज्ञानिक' नेता चिह्नित किए गए हैं जो अचानक दूसरी पार्टियों के दफ्तरों के चक्कर काटने लगे हैं। सचमुच जब एक नेताजी से पूछा गया कि आप विपक्षी खेमे की चाय पार्टी में क्या कर रहे थे तो उन्होंने मुस्कराकर कहा-'मौसम सुहावना है, बस शिष्टाचार भेंट थी।' लेकिन राजनीतिक प्रेक्षक जानते हैं कि जब-जब नेताजी के मुंह से 'शिष्टाचार' शब्द निकलता है, तो समझो किसी नई पार्टी का गमछा पहना जाना तय है!



### डिजिटल क्रांति या अखबार के पन्नों से बचने का बहाना?

**मंत्रियों के घर से अखबार 'आउट', अब स्क्रीन स्क्रॉल करके पढ़ेंगे सरकार के रिपोर्ट कार्ड!**

महाराष्ट्र के सत्ता गलियारों से सूत्रों के हवाले से एक बेहद दिलचस्प खबर सामने आई है। 1 सितंबर से राज्य के डिप्टी सीएम और सभी मंत्रियों के दफ्तरों व बंगलों पर अब प्रिंट अखबार और पत्रिकाओं की एंट्री बैन कर दी गई है। अलबत्ता अब हमारे माननीय मंत्रियों को सुबह की चाय के साथ कागजी अखबार पलटने के बजाय 'ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन' से स्क्रीन स्क्रॉल करनी पड़ेगी। सचमुच सरकार का दावा है कि इस कदम से हर साल लाखों रुपए के सरकारी खजाने की बचत होगी। राजनीतिक प्रेक्षक तो दबी जबान में चुटकी ले रहे हैं कि अखबार बंद होने से कागज तो बचेगा ही, साथ ही सुबह-सुबह छपने वाली तीखी सुर्खियों से मंत्रियों का ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहेगा!




### अनुशासन का चाबुक या पुरानी खुन्नस का हिसाब?

**'रेड कार्ड' की जद में आए थरूर-तिवारी, संसद में शिक्षा पर बहस से आलाकमान ने रखा आउट!**

लोकसभा में हाल ही में पेश हुए 'पेपर लीक बिल' की चर्चा हुई, जहां उम्मीद थी कि शिक्षा और परीक्षा प्रणाली पर गहरी पकड़ रखने वाले शशि थरूर और छात्रों के मुद्दों पर मुखर रहने वाले मनीष तिवारी मोर्चा संभालेंगे। लेकिन जब वक्ताओं की लिस्ट सामने आई तो दोनों ही दिग्गजों के नाम गायब थे! राजनीतिक प्रेक्षक दबी जुबान में कह रहे हैं कि हाईकमान के पास हर उस नेता का 'ब्लैक रजिस्टर' मेंटेन है, जिसने कभी पार्टी लाइन से अलग लाइन ली थी! लुटियंस दिल्ली में चर्चा है कि मनीष तिवारी का चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री के मंच पर दिखना और थरूर साहब की केरल चुनाव से पहले की 'आजाद बयानबाजी' आलाकमान भूला नहीं है। यही वजह रही कि भाषण देने की कमान हर बार की तरह वही जाने-पहचाने चेहरों वाली तिकड़ी के पास ही रही!



संकलनः संदीप मिश्रा

## खेल हलचल

### धौलपुर में जूनियर बालिका फुटबॉल टूर्नामिंट कल से

**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान राज्य जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 2 से 4 अगस्त तक धौलपुर के फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता की मेजबानी जिला फुटबॉल संघ, धौलपुर करेगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिलों की लगभग 200 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। जिला फुटबॉल संघ धौलपुर के अध्यक्ष गुरमीत मान और सचिव संदीप सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और प्रतियोगिता स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर आगामी राष्ट्रीय जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करेगी और राज्य में महिला फुटबॉल को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अब करण को कोचिंग की भी जिम्मेदारी

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित वीरेंद्र पूनिया के स्थान पर पुनर्नियुक्त खेल अधिकारी करण सिंह को कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व पूनिया से राजस्थान के अल्पकालीन प्रशिक्षण की नियुक्त करने के कार्य को भी करण सिंह को दे दिया गया था

### इटली के दिग्गज फुटबॉलर फ्रेंको का निधन



**रोम।** इटली के महान फुटबॉलर फ्रेंको बारेसी का 66 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार थे। बारेसी ने गुरुवार को मिलान के ह्यूमनिटास डि रोजानो क्लिनिक में अंतिम सांस ली। अगस्त 2025 में फेफड़ों में गांठ (पल्मोनरी नोड्यूल) हटाने के लिए उनकी सर्जरी हुई थी, जिसके बाद वे इम्यूनोथेरेपी ले रहे थे। बारेसी ने 1977 से 1997 तक अपने पूरे क्लब कॅरिअर में एसी मिलान का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मिलान के लिए 719 आधिकारिक मैच खेले और 33 गोल किए। बारेसी 15 सीजन तक टीम के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में मिलान ने 6 सीरी ए खिताब, 3 यूईएफए चैंपियंस लीग (यूरोपियन कप), 3 यूरोपियन सुपर कप, 2 इंटरकांटिनेंटल कप और 4 इटालियन सुपर कप जीते।

### SHS अकादमी अंडर-12 विजेता

**जयपुर।** अंडर-12 चैंपियंस कप क्रिकेट टूर्नामेंट में एसएचएस क्रिकेट अकादमी ने कैंडलविक क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में नौ विकेट पर 200 रन बनाए। कौशलेंद्र ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। संचित उपाध्याय ने पांच और सौम्य प्रताप सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में एसएचएस क्रिकेट अकादमी ने 23.3 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंश चतुर्वेदी ने 62 और दिव्यांशी ने 42 रन बनाए। अभिनव सैनी ने दो विकेट लिए।

**राष्ट्रमंडल खेल: हर्ष सिंह और अस्मिता डे ने जीते स्वर्ण पदक**

# भारत ने लगाया जूडो में गोल्डन पंच

**एजेंसी** | ग्लास्गो

राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार का दिन भारत के लिए बेहद यादगार रहा। जूडो में हर्ष सिंह और अस्मिता डे ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मुक्केबाजी में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रवेश कर कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। अब सभी की निगाहें स्वर्ण पदक पर टिकी हैं।

पुरुषों के 60 किग्रा जूडो वर्ग में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे 23 वर्षीय हर्ष सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी और ओलंपियन जोशुआ कैट्ज को हराकर स्वर्ण पदक जीता। हर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण जीतने वाले भारत के पहले पुरुष खिलाड़ी भी बन गए। मुकाबले के शुरुआती चरण में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंतिम क्षणों में हर्ष ने आक्रामक खेल दिखाते हुए जीत अपने नाम कर ली।



हर्ष सिंह।



अस्मिता डे

महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में अस्मिता डे ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वहीं 57 किग्रा वर्ग में यामिनी मौर्या ने रजत पदक हासिल किया। मुक्केबाजी में भारत का दबदबा भी कायम रहा।

### लवप्रीत ने जीता रजत, सीमा को कांस्य

वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 110 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश की पदक संख्या बढ़ाई, जबकि महिला डिस्कस थ्रो में सीमा कालीरमन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लवप्रीत ने कुल 388 किग्रा वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 176 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 212 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाया। पूरे मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारत को महत्वपूर्ण रजत पदक दिलाया। महिला डिस्कस थ्रो में सीमा कालीरमन ने अपने तीसरे प्रयास में 58.65 मीटर का थ्रो कर कांस्य पदक जीता।

### कोटा की अरुंधति ने गत चैंपियन को धूल चटाई



**ग्लास्गो।** भारतीय मुक्केबाजों ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार वर्गों के फाइनल में जगह बनाई। 70 किग्रा वर्ग में राजस्थान के कोटा की अरुंधति चौधरी ने मौजूदा चैंपियन वेल्स की रोजी एक्लेस को 4-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं विश्व चैंपियन जैस्मीन लांबोरिया (57 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने भी अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक की दावेदारी मजबूत कर दी। अरुंधति ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया और पहले दो राउंड में प्रभावी पंच लगाते हुए रोजी को 'स्टैंडिंग काउंट' लेने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और 4-0 से जीत दर्ज की।

### मां बनने के बाद सीमा की वापसी



27 साल की सीमा कालीरमन ने मां बनने के बाद गेम्स में शानदार वापसी की है। सीमा ने अपने चौथे, पांचवें और छठे प्रयास में फाउल किया, लेकिन 58.65 मीटर के थ्रो ने उन्हें पोडियम तक पहुंचा दिया। इस इवेंट में जमैका की सामंथा हॉल (61.66 मीटर) ने गोल्ड और कनाडा की जूलिया टंक्स (60.67 मीटर) ने सिल्वर मेडल हासिल किया। भारत की निधि रानी 53.19 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

**द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे व नामीबिया करेंगे विश्व कप की मेजबानी**

## वनडे विश्व कप 2027 के 12 मेजबान शहरों का ऐलान

**एजेंसी** | जोहानसबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वनडे विश्व कप 2027 के लिए 12 मेजबान शहरों की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर 2027 तक दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।




दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग, सेंचुरियन, डरबन, ग्केबेर्हा, किम्बरली, केपटाउन, पार्ल और ब्लोमफोंटेन में मुकाबले होंगे। वहीं जिम्बाब्वे के हरारे, बुलावायो और पहली बार विक्टोरिया फॉल्स विश्व कप की मेजबानी करेंगे। नामीबिया की राजधानी विंडहोक भी टूर्नामेंट का एक प्रमुख केंद्र होगी। फाइनल मुकाबला जोहानसबर्ग के वांडरर्स या केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में आयोजित किया जा सकता है। वनडे विश्व कप 24 साल बाद अफ्रीका लौट रहा है। इससे पहले 2003 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। नामीबिया पहली बार किसी सीनियर आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान बनेगा।

टूर्नामेंट के 54 मुकाबलों में से लगभग 41 मैच दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने की संभावना है। जिम्बाब्वे को सात से 10 मैच, जबकि नामीबिया को कम से कम तीन मुकाबलों की मेजबानी मिल सकती है। नए प्रारूप के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच अधिकतम तीन मुकाबले होने की संभावना भी बनी रहेगी।

## डॉ. देवेंद्र कुमार ने जीता रोटरी गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब

**बेधड़क** | जयपुर



रोटरी क्लब जयपुर गोल्फर्स की ओर से रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित गोल्फ प्रतियोगिता में डॉ. देवेंद्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। हरपाल सिंह और हैदर अली दोनों ने 16-16 अंक बनाए, लेकिन बैक-6 होल के बेहतर स्कोर के आधार पर हरपाल सिंह उपविजेता रहे, जबकि हैदर अली प्रथम रनर-अप बने। डॉ. देवेंद्र कुमार ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपनी लय बरकरार रखते हुए एक बार फिर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले भी वह रोटरी गोल्फ के सर्वश्रेष्ठ गोल्फर रह चुके हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. बी.एम. रतूड़ी 16 अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ वेटरन गोल्फर चुने गए, जबकि डॉ. अंजलि जैन सात अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला गोल्फर बनीं।





शेयर बाजार

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 78,094.64 (+166.49) | 24,383.60 (+66.45 ) |



सर्राफा

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,47,000 (+800 ) | 1,36,000 (+800 ) | 2,26,000 (+2,500 ) |

## जरूरी खबर

### 7 को जयपुर आएगा ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल

**बेधड़क, जयपुर।** ब्रिक्स व्यापार एवं उद्योग मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल 7 अगस्त को जयपुर दौरे पर आएगा। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के भी जयपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रतिनिधिमंडल ऐतिहासिक सिटी पैलेस और हवामहल का भ्रमण करेगा। हवामहल के सामने प्रतिनिधिमंडल का विशेष फोटो-ऑप (फोटोशूट) भी प्रस्तावित है।

इसके लिए संबंधित विभागों को विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग को समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भ्रमण और कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जयपुर दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

**स्वच्छ, सुरक्षित और 24x7 निर्बाध ऊर्जा की ओर बड़ा कदम**

# होटल-उद्योग पीएनजी अपना कर सुरक्षित हरित ऊर्जा से जुड़ें: पाटनी

■ कोटा के होटल में शुरू हुई पाइप्ड नेचुरल गैस सेवा

**बेधड़क** | कोटा

स्वच्छ, सुरक्षित और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) ने कोटा शहर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने धान मंडी एसबीआई बैंक के पास डीसीएम रोड स्थित होटल लोटस अनन्ता एलीट में पाइप्ड नेचुरल गैस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल से होटल को अब सुरक्षित, स्वच्छ और 24 घंटे निर्बाध गैस आपूर्ति उपलब्ध होगी।




### घर से उद्योग तक पाइपलाइन से गैस

गौरतलब है कि केन्द्र और राज्य सरकार उन क्षेत्रों में, जहां पीएनजी नेटवर्क तैयार हो चुका है, घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को पाइपलाइन के माध्यम से गैस उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दे रही हैं। इसी दिशा में आरएसजीएल लगातार अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है। कंपनी द्वारा कोटा शहर में घरेलू गैस कनेक्शनों और औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ अब तक 163 व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

### पीएनजी से सुरक्षित होगा कारोबार

आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने कहा कि पाइप्ड नेचुरल गैस पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित, किफायती और विश्वसनीय ईंधन है। इससे होटलों, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट, औद्योगिक इकाइयों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बिना किसी रुकावट के गैस आपूर्ति मिलती है, जिससे संचालन अधिक सुगम और सुरक्षित बनता है। उन्होंने कोटा के नागरिकों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, व्यावसायिक संस्थानों, होटलों और रिसोर्ट संचालकों से अधिक से अधिक संख्या में पीएनजी कनेक्शन अपनाने का आह्वान किया, ताकि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल सके और प्रदूषण में कमी लाई जा सके। राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के उप महाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव एवं सी.पी.चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। होटल लोटस अनन्ता एलीट की ओर से मैनेजर उग्रसेन सिंह ने आरएसजीएल की टीम ने पीएनजी सेवा शुरू होने पर कहा होटल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सुरक्षित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा संचालन अधिक प्रभावी बनेगा। आरएसजीएल की ओर से प्रशांत किंजलिका, मनोज यादव एवं धनराज भी मौजूद रहे। दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक पाइप्ड नेचुरल गैस सेवा का विस्तार करने का संकल्प दोहराया। पीएनजी सेवा के विस्तार से उपभोक्ताओं को सिलेंडर बदलने जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी, बल्कि गैस की निरंतर उपलब्धता, बेहतर सुरक्षा, कम परिचालन लागत और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## देशभर के कैटरिंग व्यवसायी जयपुर में जुटेंगे आज से



**बेधड़क** | जयपुर

देश के कैटरिंग उद्योग की शीर्ष संस्था फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स (FAIC) की ओर से 1 से 3 अगस्त तक जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में 6वां एफएआईसी राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदर्शनी केटरकॉन इंडिया 2026 आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे।

सम्मेलन में देशभर से 3 हजार से अधिक कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स, उद्यमी, सप्लायर्स, निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन में ज्ञान-विनिमय, नई तकनीकों, व्यापारिक सहयोग और कैटरिंग उद्योग के भविष्य पर चर्चा होगी। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रदर्शक आधुनिक कमर्शियल किचन उपकरण, खाद्य उत्पाद, पैकेजिंग समाधान, सॉफ्टवेयर और हॉस्पिटैलिटी सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे, जबकि 25 हजार से अधिक व्यापारिक आगंतुकों के पहुंचने की संभावना है। एफएआईसी अवॉर्ड्स2026 के तहत राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया 18 राज्यों के कैटरर्स को 16 विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करेंगे। एफएआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सोमानी ने बताया कि संगठन के वर्तमान में 18 राज्यों में इसके 5 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। एफएआईसी के मानद वरिष्ठ महासचिव किरीट बुधदेव ने बताया कि सम्मेलन में सेमिनार, तकनीकी कार्यशालाएं, पैनल डिस्कशन और नेटवर्किंग सत्र आयोजित होंगे।

## शेयर बाजार में रफ्तार जारी, सेंसेक्स 166 अंक ऊपर चढ़ा

**एजेंसी** | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा। वैश्विक बाजारों में मजबूती, विदेशी निवेशकों की खरीदारी और बजाज फाइनेंस के शानदार प्रदर्शन के दम पर सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 166.49 अंक यानी 0.21 प्रतिशत बढ़कर 78,094.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 344 अंक तक उछलकर 78,272.25 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 66.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,383.60 अंक पर बंद हुआ। बजाज फाइनेंस,बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन में तेजी रही। दूसरी ओर टीसीएस, इंफोसिस, आईटीसी और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर दबाव में रहे।



**जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक में एक्सपोर्ट एक्शन प्लान पर मंथन, उद्योग संगठनों से लिए सुझाव**

# जयपुर बनेगा निर्यात का केंद्र, उद्योगों को लगेंगे पंख

**बेधड़क** | जयपुर

जिले को निर्यात हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। शुक्रवार को कलेक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में विदेश व्यापार महानिदेशालय तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट्स एक्सपोर्ट हब्स एक्टिवेशन ड्राइव के तहत जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला एक्सपोर्ट एक्शन प्लान को अंतिम रूप देने, निर्यातकों की समस्याओं के समाधान, आधारभूत संरचना, तकनीकी चुनौतियों और लागत कम करने पर चर्चा हुई। कलेक्टर संदेश नायक ने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत जेम्स एंड ज्वेलरी के साथ रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग उत्पाद, मार्बल आर्टिकल, वुडन फर्नीचर, लेदर गुड्स, आईटी सेवाएं, मिनरल, प्रसंस्कृत खाद्यान्न, कृषि उत्पाद और मसालों को भी निर्यात प्रोत्साहन से जोड़कर जयपुर को सशक्त निर्यात हब बनाया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय के संयुक्त महानिदेशक मोहम्मद मोईन अफाक ने बैंकर्स और निर्यातकों की बी-टू-बी बैठकें तथा डीजीएफटी के जागरूकता पर जोर दिया। बगरू औद्योगिक एसोसिएशन के महासचिव नवनीत झालानी, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र संघ के प्रतिनिधि अरुण गुप्ता, जेम्स एंड ज्वेलरी संघ के वरुण चुलेट तथा लघु उद्योग भारती की प्रांत महामंत्री सुनीता शर्मा ने भी सुझाव रखे।



*जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक लेते जिला कलेक्टर संदेश नायक।*

### योजनाओं से मिलेगी निर्यात को नई उड़ान

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, जयपुर ग्रामीण के संयुक्त आयुक्त कमलेश कुमार मीणा ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, एक जिला-एक उत्पाद नीति, राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति एवं एमएसएमई पॉलिसी सहित विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। जयपुर शहर की महाप्रबंधक डॉ. अनुकृति सिंह ने जिले की निर्यात क्षमता और आधारभूत संरचना की जानकारी साझा की।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी, ईपीसीएच के अमित भार्गव, ईसीजीसी, रीको वीकेआई के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक आर.बी. जैमिनी, एमएसएमई भारत सरकार की सहायक निदेशक अनिला चौरड़िया, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के रजत वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक गणेश कुमार, सिडबी, नाबार्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठन प्रतिनिधि और उद्यमी उपस्थित रहे।

## तीन दिन चलेगा फेस्टिवल, शेफाली बग्गा और नतालिया जानोशेक होंगी शोस्टॉपर

# फैशन फेस्टिवल जयपुर कुट्योर शो सीजन-14 का थर्ड लुक लॉन्च



यावी कुमावत।



गौरव गौड़ के साथ राहुल विजय, नेहा सोनी, नीलम जांगिड़, रश्मि दुगड़, राकेश राठी, लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, आशीष शर्मा, दीपक नाहर तथा सुपर मॉडल्स विधि असनानी, चेतना आत्रेय, वीरा कल्याण, यावी कुमावत, पूजा गौड़ और संतोष सिन्हा।



गौरव गौड़।

बेधड़क | जयपुर

फैशन फेस्टिवल जयपुर कुट्योर शो सीजन-14 का थर्ड लुक शुक्रवार को स्वेज फार्म सर्किल स्थित क्लब पाचा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों, फैशन प्रेमियों और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की मौजूदगी में तीन दिवसीय फैशन फेस्टिवल की तैयारियों और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर टेलीविजन पर्सनैलिटी और आईपीएल होस्ट शेफाली बग्गा तथा अंतरराष्ट्रीय मॉडल एवं अभिनेत्री नतालिया जानोशेक (बिग बॉस फेम) के शो की सेलिब्रिटी शो स्टॉपर होने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में कई प्रसिद्ध डिजाइनर ब्रांड्स ने अपने आगामी कलेक्शन की झलक भी पेश की। डिजाइनर लेबल रिचुअल ने अपना सिग्नेचर इंडियन कलेक्शन प्रदर्शित किया, जबकि पनाश ब्यूटी बाय नीलम जांगिड़ ने समकालीन मेकअप ट्रेंड्स प्रस्तुत किए। माही ज्वैलर्स ने नीलम जांगिड़ के साथ मिलकर आधुनिक ज्वेलरी कलेक्शन प्रदर्शित किया, वहीं राग बाय रश्मि दुगड़ ने अपने हैंड-पेंटेड इंडो-वेस्टर्न परिधानों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने डिजाइनर्स से संवाद कर उनके रचनात्मक दृष्टिकोण और नवीनतम फैशन कॉन्सेप्ट्स की जानकारी भी प्राप्त की। जयपुर कुट्योर शो के संस्थापक एवं निदेशक गौरव गौड़ ने बताया कि जयपुर कुट्योर शो सीजन-14 का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक मानसरोवर स्थित अनंत महल रिजॉर्ट में होगा। फेस्टिवल में देशभर के 22 प्रतिष्ठित डिजाइनर अपने विशेष कलेक्शन प्रस्तुत करेंगे, जबकि करीब 60 प्रमुख मॉडल्स रैंप पर नजर आएंगी। इसके अलावा 11 बॉलीवुड सेलिब्रिटी विभिन्न डिजाइनर्स के शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक करेंगे। सीजन-14 अब तक का सबसे भव्य संस्करण होगा।

# City इवेंट्स

## जयपुर मैराथन के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजस्थान गौरव अवाड्‌र्स समारोह में संस्कृति युवा संस्था एवं वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से आयोजित एयू जयपुर मैराथन 2027 के रजिस्ट्रेशन पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष एवं एयू जयपुर मैराथन के मुख्य आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन का 18वां संस्करण 14 फरवरी 2027 को आयोजित होगा। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट के एमडी मुकेश मिश्रा ने बताया कि 2 अगस्त को त्रिमूर्ति मानसून रन के दौरान रजिस्ट्रेशन का औपचारिक शुभारंभ होगा। पहले चरण में फुल और हाफ मैराथन के लिए क्रमशः 2,500 और 7,500 सीटों पर पंजीकरण किया जाएगा। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर वर्मा को विदाई



**बेधड़क. जयपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक कर्मचारी रामप्रकाश वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विभाग की कर्मचारी यूनियन की ओर से शुक्रवार को उन्हें विदाई दी गई। आयुक्त राकेश शर्मा ने कहा कि पद बड़ा या छोटा नहीं होता, बल्कि उसकी गरिमा बनाए रखते हुए ईमानदारी और समर्पण से कार्य करना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने सेवानिवृत्ति को जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए समाज और देश के लिए योगदान देने का आह्वान किया। अतिरिक्त निदेशक (सुजस) नर्बदा इन्दौरिया ने रामप्रकाश वर्मा की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कर्मचारी यूनियन के संरक्षक रवि पारीक तथा कार्यवाहक अध्यक्षगण अनिल सोनी व महेन्द्र ने उनका माला और साफा पहनाकर सम्मान किया। संयुक्त निदेशक मनमोहन हर्ष व जसराम मीणा सहित कुलदीप शर्मा, युवराज, कमल किशोर वर्मा, गिरीश जैन, अविनाश, प्रीतम सिंह, यदुकृष्ण शर्मा, विकास जाटव व अन्य ने भी उनके योगदान को याद किया।

## बेंगलूरु में संगीता बेनीवाल का स्वागत



**बेधड़क. बेंगलूरु।** एआईसीसी ऑब्जर्वर, संगठन सर्जन अभियान की टुमकूर जिला प्रभारी, पाली लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी एवं राजस्थान सरकार की पूर्व राज्य मंत्री संगीता बेनीवाल का बेंगलूरु में जिला कांग्रेस महासचिव बिशनसिंह राजपुरोहित विराणा ने स्वागत किया। इस अवसर पर पहाड़सिंह राजपुरोहित सांथू भी उपस्थित रहे। संगीता बेनीवाल पिछले एक सप्ताह से टुमकूर जिले में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के चयन को लेकर पार्टी नेताओं के साथ सामूहिक एवं वन-टू-वन बैठकें कर उनकी रायशुमारी ले रही हैं। उन्होंने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी को सशक्त करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान संगीता बेनीवाल ने बेंगलूरु एवं टुमकूर में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा मिले स्नेह, सम्मान और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## मो. रफी को दी संगीतमय श्रद्धांजलि



**बेधड़क. जयपुर।** संगीत संस्थान आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट के अंतिम दिन शुक्रवार को लेजेंडरी प्लेबैक सिंगर मोहम्मद रफी को ट्रिब्यूट प्रोग्राम आयोजित हुआ। रियाशीं अग्रवाल, वनिता हीरानी, खुशबू कंवर, पुष्पेन्द्र सिंह, शाहिद खान, अंजली शर्मा, दिव्यांगिनी, पुनीत, मेहाई सिंह, जयती कुमारी, समन्विता सरकार, अमित अग्रवाल, गोपाल सिंह, ताराचंद जैन, देव, देवना शाह, चिराग, निकुंज, विनय पारीक, गुलाम हाशिम, मीशा, मंजूर रहमान, शुभम, दिनेश, वीर पाठक और जीतेश ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी। तबले पर वरुण, ऑक्टोपैड पर देव, गिटार पर वत्सल अनुपम और नीतू खत्री, कीबोर्ड पर दौलत सिंह तथा आलिया खान ने संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया, जबकि अमित अनुपम ने आभार व्यक्त किया।

## 68 विद्यालयों के शिक्षकों का सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण शुरू

# शिक्षक, बच्चों को सिखाने के लिए सीख रहे ट्रैफिक रूल्स



प्रदीप मोहन से संवाद करतीं नेहा खुल्लर। साथ में हैं शांतनु भसीन और डॉ. मृदुल भसीन।



प्रशिक्षक महेश शर्मा के साथ सीपीआर का प्रशिक्षण देते डॉ. दिनेश गौरा।



कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते शिक्षक।

बेधड़क | जयपुर

सड़क सुरक्षा को विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी द्वारा BRACE Road Safety School Education Programme के अंतर्गत 68 राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (Training of Trainers - ToT) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 1 अगस्त तक दिया जाएगा। यह कार्यक्रम मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी एवं राजस्थान शिक्षा विभाग के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत Bosch India Foundation के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जयपुर में चल रहे इस पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षक लगभग 15,000 विद्यार्थियों तक सड़क सुरक्षा शिक्षा पहुंचाएंगे। यह इस परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों का तीसरा प्रशिक्षण बैच है। प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए आयु-उपयुक्त सड़क सुरक्षा सत्र, गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी, रोड सेफ्टी क्लब, प्रतियोगिताएं एवं व्यवहार आधारित शिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। साथ ही अभिभावकों को पीटीएम (PTM) के माध्यम से तथा आसपास के समुदाय को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदीप मोहन शर्मा, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात), जयपुर, द्वारा किया गया, जिसमें स्नेहलता शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन, तथा चंचल भट्ट, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी के प्रबंध न्यासी शांतनु भसीन ने मुख्य अतिथि, शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदीप मोहन शर्मा, आईपीएस ने कहा, 'सड़क सुरक्षा की शिक्षा बचपन से ही शुरू होनी चाहिए। जब बच्चे सड़क सुरक्षा के नियम सीखते हैं, तो वे अपने परिवार और समाज को भी जागरूक बनाते हैं।' एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के डॉ. दिनेश गोरा द्वारा दुर्घटना के बाद प्राथमिक उपचार, ट्रॉमा प्रबंधन एवं 'गोल्डन आवर' की महत्ता पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यातायात शिक्षा प्रकोष्ठ के हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह द्वारा यातायात नियमों, सुरक्षित सड़क व्यवहार एवं जिम्मेदार नागरिकता पर सत्र लिए जा रहे हैं। मुस्कान फाउंडेशन की ओर से नेहा खुल्लर (निदेशक - परियोजनाएं), महेश कुमार शर्मा एवं समीर नैनावत दो दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन कर रहे हैं। नेहा खुल्लर ने कहा, 'सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं और शिक्षा इसका सबसे प्रभावी माध्यम है। शिक्षकों को प्रशिक्षित कर हम ऐसे परिवर्तनकारी नेतृत्व का निर्माण कर रहे हैं, जो हजारों बच्चों तक सुरक्षित सड़क व्यवहार का संदेश पहुंचाएगा।'

## अरिंजय ने लगातार चौथी बार जीता क्लस्टर-14 खिताब



बेधड़क | जयपुर

नीरजा मोदी स्कूल के कक्षा 12 के छात्र अरिंजय कुच्छल ने सीबीएसई क्लस्टर-14 टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 में अंडर-19 बालक एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वे लगातार चौथी बार क्लस्टर-14 खिताब जीतने वाले पहले टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। श्रीगंगानगर स्थित ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल में 27 से 31 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में अरिंजय ने बीकानेर के अरमान बंथिया को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अब वे अक्टूबर में वडोदरा स्थित पोद्दार वर्ल्ड स्कूल में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। कांस्य पदक सौरभ और भावेश ने जीता। टीम स्पर्धा में नीरजा मोदी स्कूल ने अंडर-19 बालक वर्ग में अरिंजय कुच्छल, जय वर्धन और रुशिल कर्नानी की टीम तथा अंडर-14 बालक वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में बक्शी स्कूल, कोटा की प्रियांशी और अंडर-17 बालिका वर्ग में संस्कार स्कूल की राधिका सोनी स्वर्ण पदक विजेता रहीं। टीम के कोच प्रवीण कुमावत थे।

## बीटी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंसा से सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 79 स्थित अर्जुन नगर साउथ में लगभग 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 1000 मीटर लंबी बीटी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ रिद्धि-सिद्धि मंडल अध्यक्ष दीपा नाथावत ने किया। रिद्धि-सिद्धि मंडल कार्यालय मंत्री हेमसिंह शेखावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नेपाल में लोयल ने जीता गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** रामदेव लोयल ने नेपाल में 26 जुलाई को एसकेएफआई (SKFI) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इससे पहले उन्होंने भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। तैराकी के साथ-साथ अन्य चुनौतीपूर्ण खेलों में भी उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। वे इससे पहले प्रतिष्ठित पोरबंदर ट्राइथलॉन में भी अपनी भागीदारी दर्ज करा चुके हैं।

## DMPL सीजन 5 का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** केनरा बैंक डीएमपीएल सीजन 5 का शुभारंभ शुक्रवार को आरआईसी में हुआ। संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि उद्घाटन केनरा बैंक के जयपुर रीजनल हेड अतुल बंसल ने किया। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर बॉलीवुड सिंगर रवींद्र उपाध्याय थे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि अतुल बंसल रहे। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि पहले दिन लीग मैचों में टीम आंगन मेडिनोवा ने टीम सेवायतन हॉस्पिटल, टीम श्री कृष्णा हॉस्पिटल ने टीम रॉयल्स अनप्लग्ड, टीम सीता देवी ने टीम एएलसीस प्रिसिशन पेथ लैब को तथा टीम सेवायतन हॉस्पिटल ने टीम एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स को हराया। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि लीग मैचों में डॉ. संकल्प, डॉ. मनीष, डॉ. आशीष, डॉ. विदिशा, डॉ. शिवि, डॉ. प्रियंका, डॉ. गौरव, डॉ. कडेल, डॉ. क्षितिज, डॉ. सिमी, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. रविराज, डॉ. संदीप, डॉ. कैलाश आदि गायकों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

## वेंकटेश ने MUJ में पदभार संभाला



**बेधड़क. जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) में लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) एम. डी. वेंकटेश ने विश्वविद्यालय के नए चेयरपर्सन का पदभार संभाला। उन्होंने निवर्तमान चेयरपर्सन एस. वैथीश्वरन से विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। वेंकटेश ने मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) तथा सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी के कुलपति के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप के सलाहकार हैं। इस अवसर पर एमयूजे के कुलपति प्रो. (डॉ.) एन. एन. शर्मा तथा विश्वविद्यालय परिवार ने वेंकटेश का स्वागत किया।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में ग्रामीण विकास पर मंथन



बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को समापन सत्र एवं विदाई समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यमिता तथा पंचायती राज से जुड़े समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श किया। समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के संरक्षक एम.आर. बगरिया ने की। सम्मेलन की सह-संयोजक डॉ. दीपाली सिंह ने दो दिवसीय गतिविधियों एवं प्रमुख निष्कर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. सपना अरोड़ा नरूला ने कृषि विपणन, ग्रामीण उद्यमिता एवं आत्मनिर्भर भारत पर विचार रखे, जबकि मुख्य अतिथि डॉ. नीरज कुमार पवन, आईएएस, ने ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. कृष्ण कुमार चेयर फॉर ग्रामोथन स्टडीज के संकाय प्रभारी डॉ. बूला चौधरी ने सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र एवं विकास योजनाओं के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।

## 'कैम्पस से कॅरिअर तक' पर एलुमनी टॉक



बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद प्रौद्योगिकी, प्रबंधन एवं ग्रामोथान संस्थान (एसकेआईटी), जयपुर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 'From Campus to Career: Industry Expectations & Infosys Hiring Process' विषय पर एलुमनी टॉक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन संजू चौधरी एवं डॉ. प्रियंका यादव ने किया। मुख्य वक्ता आईटी विभाग के 2026 बैच के पूर्व छात्र एवं इन्फोसिस प्राइवेट लिमिटेड में स्पेशलिस्ट प्रोग्रामर-L1 के पद पर कार्यरत सचिन सिंह रावत ने विद्यार्थियों को प्रॉब्लम सॉल्विंग, डेटा स्ट्रक्चर्स एंड एल्गोरिद्म (DSA), जावा तथा एआई/एमएल आधारित कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने इन्फोसिस की हायरिंग प्रक्रिया और विभिन्न स्तरों की भूमिकाओं की जानकारी भी साझा की। प्रश्न-उत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन जैन ने सचिन सिंह रावत को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## ‘द जेसी शो: ‘क्राइसिस टू क्योर: मोदी डिलीवर्स’




**नई दिल्ली।** भारत24 न्यूज चैनल के नोएडा कार्यालय में शुक्रवार को द जेसी शो का आयोजन किया गया। ‘क्राइसिस टू क्योर: मोदी डिलीवर्स’ शीर्षक वाले शो में डॉ. जगदीश चंद्र ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। शो के दौरान चैनल के सीईओ एंड एडिटर इन चीफ डॉ. जगदीश चंद्र के साथ बाएं से रंजना प्रसाद, आकांक्षा तोमर, पलक शर्मा, सृष्टि पांडेय, पूजा यादव, अदिति नागर, पूर्णिमा मिश्रा, प्रीति नेगी और धीरेंद्र कुमार अवस्थी।

### MEET & GREET



**जयपुर।** श्री गौधाम सेवा संस्थान देवली के सदस्य श्रुति, आयुषी, खुशी, राजकुमार और आकांक्षा ने गुरुवार को डॉ. जगदीश चंद्र के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की सामाजिक गतिविधियों में उदार सहयोग एवं आर्थिक योगदान के लिए डॉ. जगदीश चंद्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### HAPPY BIRTHDAY



**नई दिल्ली।** शिक्षाविद् कमलेश चौबे ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित होटल ताज मानसिंह में डॉ. जगदीश चंद्र से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. जगदीश चंद्र ने कमलेश चौबे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आईएसएलओ की मैनेजिंग पार्टनर ईशानी शर्मा भी उपस्थित रहीं।

### 17 वर्षों से ‘टीम जेसी’ का अभिन्न हिस्सा रहीं अदिति नागर को नई पारी के लिए दी शुभकामनाएं

# भारत24 परिवार का प्यार पाकर विदाई समारोह में भावुक हुई अदिति नागर

बेधड़क | नई दिल्ली

भारत24: विजन ऑफ न्यू इंडिया कार्यालय में चैनल की पॉलिटिकल एडिटर अदिति नागर को नई पारी की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। 17 वर्षों से ‘टीम जेसी’ का अभिन्न हिस्सा रहीं अदिति नागर के विदाई समारोह में डॉ. जगदीश चंद्र भी शामिल हुए और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ संपादकों, सहकर्मियों और संपादकीय टीम के सदस्यों ने अदिति नागर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. जगदीश चंद्र ने अपने संबोधन में पत्रकारिता के प्रति अदिति नागर के समर्पण, राजनीतिक मामलों की उनकी गहरी समझ और सत्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। भारत24 की न्यूज डायरेक्टर डॉ. अनिता हाड़ा ने कहा कि अदिति हर खबर की गहराई तक जाकर सटीकता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ काम करती रही हैं, जिसने उन्हें न्यूजरूम के सबसे सम्मानित पत्रकारों में शामिल किया। सहकर्मियों ने भी उनके पेशेवर योगदान, मार्गदर्शन और उत्कृष्ट कार्यशैली को याद किया। डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि अदिति टीम जेसी की मजबूत स्तंभ रही हैं। उन्होंने पत्रकारिता के सर्वोच्च मानकों का हमेशा पालन किया है। उनकी ईमानदारी, मेहनत और तथ्यपरक पत्रकारिता सभी के लिए प्रेरणास्रोत रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि वह भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को छुएंगी। मैं उनके उज्ज्वल, सफल और सुखद भविष्य की कामना करता हूं। अदिति नागर ने भावुक होकर कहा कि टीम जेसी और भारत24 के साथ बिताए गए पिछले 17 वर्ष मेरे कॅरिअर का सबसे समृद्ध और यादगार दौर रहे हैं। मैं डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. अनिता हाड़ा और भारत24 परिवार के प्रत्येक सदस्य के मार्गदर्शन, विश्वास और सहयोग के लिए हृदय से आभारी हूं। यहां मिली यादें, अनुभव और रिश्ते हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगे और जीवनभर मेरे साथ रहेंगे।



अदिति नागर को नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते डॉ. जगदीश चंद्र। साथ में हैं अखिलेश वर्मा, दिव्या बुडाकोटी, प्रीति नेगी, पलक शर्मा, धीरेंद्र कुमार अवस्थी, अमित ओझा, शशिकेश रंजन, आरिफ खान, पूजा यादव, पूर्णिमा मिश्रा, रंजना प्रसाद, सत्यरूपा कुमारी और सृष्टि पांडे।



अदिति नागर को शुभकामनाएं देते डॉ. जगदीश चंद्र और अनु श्रीधर। साथ में हैं दिव्या बुडाकोटी, अखिलेश वर्मा, शान नंदा, अमित ओझा और संदीप मिश्रा।

**पहल** बेंगलुरु में 9 अगस्त को ‘व्यापार से विकास तक’ थीम पर होगा ‘प्रवासी राजस्थानी संगम’

# प्रदेश में विकास की नई संभावनाओं पर चर्चा करेंगे प्रवासी राजस्थानी



अंशु हर्ष | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान फाउंडेशन के बेंगलुरु चैप्टर की ओर से 9 अगस्त को व्हाइट पेटल्स, पैलेस ग्राउंड (गेट नं. 3) में ‘व्यापार से विकास तक’ थीम पर ‘प्रवासी राजस्थानी संगम’ का आयोजन किया जाएगा। इस थीम का उद्देश्य देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को एक साझा मंच पर लाकर व्यापार, उद्योग, निवेश, नवाचार और उद्यमिता के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। साथ ही राजस्थान और कर्नाटक के बीच आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को सशक्त बनाते हुए साझेदारी के नए आयाम स्थापित करना भी इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

यह संगम अनुभवी उद्योगपतियों, युवा उद्यमियों, स्टार्टअप्स और वैश्विक व्यापारिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद, नेटवर्किंग और वन-टू-वन बिजनेस मीटिंग्स के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं को गति प्रदान करेगा। ‘व्यापार से विकास तक’ थीम केवल व्यावसायिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य व्यापार को सामाजिक और आर्थिक विकास का माध्यम बनाना है। इस संगम के माध्यम से व्यापारिक साझेदारी के साथ-साथ दीर्घकालिक विकास और समृद्धि का एक सशक्त मंच तैयार किया जाएगा।

यह संगम उद्यमियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, निर्यातकों एवं निवेशकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए व्यावसायिक संबंध स्थापित करने तथा वैश्विक अवसरों को समझने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में यूनाइटेड किंगडम से अजय अग्रवाल, जर्मनी से हर गोविन्द सिंह, रियाद (सऊदी अरब) से विजय सोनी, दुबई (यूएई) से अमरा राम जांगिड़, बहरीन से रमेश चंद्र पाटीदार तथा मलेशिया से आकाश कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ये अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि विभिन्न देशों के व्यापारिक परिदृश्य, निवेश की संभावनाओं, आयात-निर्यात, जॉइंट वेंचर, तकनीकी सहयोग, नए बाजारों में विस्तार और वैश्विक बिजनेस नेटवर्किंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। उनके साथ होने वाले संवाद और वन-टू-वन बिजनेस मीटिंग्स के माध्यम से प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां विकसित करने, नए व्यावसायिक अवसर तलाशने तथा वैश्विक स्तर पर व्यापार के नए आयाम स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सम्मान करते राजस्थान फाउंडेशन बेंगलुरु चैप्टर की कार्यकारिणी समिति के सदस्य।



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का सम्मान करते राजस्थान फाउंडेशन बेंगलुरु चैप्टर की कार्यकारिणी समिति के सदस्य।

बेंगलुरु चैप्टर के अध्यक्ष सचिन पांडया ने बताया कि प्रवासी राजस्थानियों को एक सूत्र में जोड़ने की इस पहल को लेकर वे स्वयं अत्यंत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के सहयोग से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए उनकी पूरी टीम ने पिछले कई महीनों से निरंतर और समर्पित प्रयास किए हैं। उनका उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि देश-विदेश में बसे प्रत्येक राजस्थानी के लिए व्यापार, निवेश, रोजगार, उद्यमिता, कला, संस्कृति एवं सामाजिक सहयोग का एक स्थायी और प्रभावी मंच तैयार करना है, जिससे प्रवासी समाज आपस में जुड़कर एक-दूसरे की प्रगति का सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि समारोह में वन-टू-वन बिजनेस मीटिंग्स, अंतरराष्ट्रीय बिजनेस नेटवर्किंग, नागरिक अभिनंदन समारोह तथा राजस्थानी संस्कृति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। उनका विश्वास है कि 9 अगस्त का यह आयोजन प्रवासी राजस्थानी समाज के इतिहास में सबसे भव्य, प्रभावशाली और यादगार आयोजनों में से एक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि तथा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अतिरिक्त राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां, राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया, राजस्थान फाउंडेशन बेंगलुरु के संयोजक कुमार लाखोटिया, राजस्थान फाउंडेशन एवं डोमेस्टिक एंड ओवरसीज राजस्थानी अफेयर्स विभाग की स्पेशल सेक्रेटरी एवं कमिश्नर डॉ. मनीषा अरोड़ा, राजस्थान फाउंडेशन के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चैप्टरों के प्रतिनिधि, उद्योगपति, उद्यमी, निवेशक, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा सभी धर्मों और समाजों से जुड़े प्रवासी राजस्थानी इस ऐतिहासिक आयोजन में एक ही छत के नीचे एकत्रित होंगे।

यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक राजस्थानी समुदाय को एक सूत्र में पिरोने और सामूहिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त प्रयास है। यह आयोजन किसी व्यक्ति, संस्था या संगठन के सम्मान का मंच नहीं, बल्कि राजस्थान के सर्वांगीण विकास का एक साझा संकल्प है। इसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, उद्योग, पर्यटन, रोजगार, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सहभागिता को नई गति प्रदान करते हुए प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जन्मभूमि के विकास से सक्रिय रूप से जोड़ना है। इस आयोजन का संदेश स्पष्ट है - राजनीति से ऊपर समाज की एकता। स्वार्थ से ऊपर सेवा और सहयोग की भावना। व्यक्ति से ऊपर राजस्थान के विकास का सामूहिक संकल्प। जब प्रवासी राजस्थानी एक मंच पर मिलते हैं, तो केवल रिश्ते नहीं जुड़ते, बल्कि विकास के नए रास्ते बनते हैं। ‘प्रवासी राजस्थानी संगम’ इसी विश्वास का उत्सव है, जहां व्यक्ति नहीं, विचार महत्वपूर्ण हैं, सम्मान नहीं, सहभागिता प्राथमिकता है और उद्देश्य केवल एक है - विश्वभर में बसे राजस्थानियों की शक्ति को राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ना।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28


# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 01 अगस्त, 2026



जिस दिन हम सीखना छोड़ देते हैं, हमारी दुनिया चुपचाप छोटी होने लगती है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## CM भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 41 जिलों में 120 विशेष क्लीनिक संचालित

# 'मधुहारी' से मीठी होगी जिंदगी टाइप-1 डायबिटीज पर AI से नजर

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए संचालित मिशन मधुहारी देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक टाइप-1 डायबिटीज से किसी भी बच्चे की मृत्यु रोकना है। मिशन के तहत प्रदेश के 41 जिलों में 120 विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जबकि तीन माह में 80 नए क्लीनिक शुरू किए जाएंगे। अब तक 2817 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें मिशन मधुहारी एप के माध्यम से डिजिटल रूप से ट्रैक किया जा रहा है। मरीजों को इंसुलिन, ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, लैंसेट और लॉगबुक निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष करीब 4 हजार मरीजों के लिए (CGM) की व्यवस्था की जा रही है। 500 से अधिक चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

मिशन मधुहारी में एआई आधारित तकनीक विकसित की गई है, जो मरीजों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण कर हाइपो और हाइपर ग्लाइसीमिया के जोखिम का अनुमान लगाने में मदद करेगी। वहीं मधु नेत्र एआई के जरिए डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्क्रीनिंग शुरू की गई है।

### टाइप-1 डायबिटीज के खिलाफ राजस्थान का मिशन



*मुख्यमंत्री निवास पर सीएम भजनलाल शर्मा का स्वागत करते विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, ओम बन्ना मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और मारवाड़ राजपूत सभा के प्रतिनिधि।*

### विद्यालयों और मरीजों के जीवन प्रबंधन पर जोर

मिशन के तहत 205 सरकारी विद्यालयों और 41 महाविद्यालयों को टाइप-1 डायबिटीज अनुकूल बनाने की पहल की जा रही है। मधुहारी बैंक के जरिए इंसुलिन और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। राजस्थान ने टाइप-1 डायबिटीज मरीजों के लिए मधुस्माइल वेलबीइंग इंडेक्स विकसित किया है। इसके माध्यम से मरीजों के भावनात्मक, सामाजिक, शैक्षणिक और आत्म-प्रबंधन पहलुओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय वन महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

# मुख्यमंत्री आज और कल रहेंगे उदयपुर और राजसमंद दौरे पर

**जयपुर।** सीएम भजनलाल 1 और 2 अगस्त को उदयपुर व राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पर्यावरण संरक्षण, युवा जागरूकता, ग्रामीण विकास तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन से संवाद कर विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। सीएम शर्मा 1 अगस्त को उदयपुर के दूध तलाई (पिछोला) में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव शुभारंभ समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे चंदनवन में पौधारोपण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री झाड़ोल क्षेत्र के बीड़ा गांव में ग्राम विकास चौपाल में भाग लेंगे।

### नारी शक्ति रैली को करेंगे फ्लैग ऑफ

दौरे के दूसरे दिन 2 अगस्त को मुख्यमंत्री उदयपुर के राजस्थान कृषि महाविद्यालय पहुंचेंगे। यहां वे नारी शक्ति रैली को फ्लैग ऑफ करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से शामिल होंगे। उदयपुर संभाग एवं सिरोही जिले के कलक्टर्स व एसपी के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद राजसमंद में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

### ओम बन्ना मंदिर विस्तार के लिए भूमि आवंटित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पाली जिले के चोटिला स्थित श्री ओम बन्ना मंदिर के विस्तार और सुव्यवस्थित विकास के लिए राज्य सरकार ने भूमि आवंटित की है। इससे मंदिर परिसर का विकास होगा और धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी। सीएम शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर ओम बन्ना मंदिर के लिए भूमि आवंटन के उपलक्ष्य में आयोजित आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान आस्था और विरासत की धरती है तथा सरकार धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसर पर विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, ओम बन्ना मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, मारवाड़ राजपूत सभा के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बेधड़क FIRST

### IAS तबादला सूची की सुगबुगाहट तेज

प्रशासनिक गलियारों में IAS अधिकारियों की संभावित तबादला सूची को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार इस बार की सूची चौंकाने वाली हो सकती है। मुख्यमंत्री स्तर पर तबादलों को लेकर होमवर्क किए जाने की चर्चा है। माना जा रहा है कि मिलनसार, बेहतर परिणाम देने वाले और फील्ड में सक्रिय अधिकारियों को प्राथमिकता मिल सकती है। महत्वपूर्ण और चर्चित नामों को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि अंतिम फैसला सरकार के स्तर पर ही होगा।

### नेताजी की सिफारिश और विरोधियों की शिकायत

तबादलों को लेकर एक युवा नेता की सिफारिश चर्चा का विषय बन गई। विधायक का चुनाव लड़ चुके नेताजी ने एक सूची बीजेपी कार्यालय भेजी, लेकिन उनके विरोधी भी तुरंत पहुंच गए। आरोप लगाया कि सूची में कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों के नाम हैं। नेतृत्व ने जब नेताजी से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि जिन्होंने वोट दिए, उनकी मदद करूंगा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि पार्टी के लोगों ने साथ दिया होता तो हार इतनी बड़ी नहीं होती। अब नेताजी की बात पर भी चर्चा जारी है।

### स्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर पद पर सवाल

स्वास्थ्य विभाग में चीफ इंजीनियर पद को लेकर चर्चाएं तेज हैं। पिछले 11 महीने से खाली चल रहे इस पद का अतिरिक्त चार्ज जल संसाधन विभाग से आए मुकेश शर्मा के पास है। चर्चा है कि बिना बिल्डिंग निर्माण अनुभव के उन्हें यह जिम्मेदारी कैसे मिली। विभाग में करीब 1000 करोड़ के EPC मोड टेंडर और 4000 करोड़ से जुड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। ऐसे में अतिरिक्त चार्ज को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इसके पीछे कौन सा समीकरण काम कर रहा है।

### प्रतापगढ़ में मंत्री और पूर्व विधायक आमने-सामने

प्रतापगढ़ की सियासत में मंत्री हेमंत मीणा और पूर्व विधायक रामलाल मीणा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। दोनों नेताओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मंत्री हेमंत मीणा ने रामलाल मीणा से भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाना बंद करने और मर्यादा में रहने की बात कही। वहीं पूर्व विधायक ने पलटवार करते हुए विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री के रिश्तेदारों पर भी निशाना साधा। दोनों नेताओं के बयान राजनीतिक चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### क्या बड़े राज्य में आ सकते हैं ओम माथुर?

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे हो गए हैं। राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता के कारण उन्होंने अलग पहचान बनाई है। उनके समर्थकों में अब चर्चा है कि आगामी दिनों में उन्हें महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश या कर्नाटक जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। समर्थकों का मानना है कि देशभर की राजनीति की गहरी समझ रखने वाले माथुर को किसी बड़े राज्य में अवसर मिल सकता है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी नेताओं में भी गिने जाते हैं।

### ACS के खिलाफ पोस्टर वॉर

राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के खिलाफ पोस्टर अभियान शुरू हो गया है। ठेकेदार एकता संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह शेखावत की ओर से विभागीय भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाए गए हैं। ठेकेदारों ने पारदर्शिता, जवाबदेही और लंबित भुगतान जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने अनुबंध शर्तों के पालन और ब्याज सहित भुगतान की मांग करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है। इस मामले ने विभागीय हलकों में चर्चा बढ़ा दी है।

## तत्काल तय किए नए प्रभार

# एक साथ रिटायर हुए 12 आला अधिकारी

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश के 12 वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए, जिनमें 2 भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS), 3 भारतीय पुलिस सेवा (IPS) और 7 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के अधिकारी शामिल हैं। सेवानिवृत्ति के साथ ही राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पदों पर प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल अतिरिक्त प्रभार सौंपने के आदेश जारी कर दिए। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार IAS रामनिवास मेहता, सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) अजमेर के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके पद का अतिरिक्त प्रभार आशुतोष गुप्ता, मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सौंपा गया है। इसी प्रकार IAS सीताराम जाट, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, बीकानेर के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके सभी दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार ललित कुमार को दिया गया है। ललित कुमार वर्तमान में निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, संयुक्त सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता), डॉ. भीमराव आंबेडकर फाउंडेशन (आंबेडकर पीठ) के महानिदेशक और राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव हैं। सीताराम जाट के पास निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर तथा समग्र शिक्षा अभियान (SMSA) में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (सीनियर) का दायित्व भी था, जिसे भी अब ललित कुमार संभालेंगे।

इसके अलावा कार्मिक विभाग ने दो RAS अधिकारियों को भी अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रभा गौतम को जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर और सीमा कविया को जिला आबकारी अधिकारी, जोधपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा

# एक करोड़ परिवारों की सामाजिक सुरक्षा पर फोकस

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं पालनहार योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डेटा आधारित डैशबोर्ड विकसित किया जाए। उन्होंने पेंशनरों के आंकड़ों का क्रॉस वेरिफिकेशन कर वास्तविक पात्रों को लाभ देने और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इन योजनाओं से प्रदेश के करीब एक करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत करीब 90 लाख लोगों को पेंशन दी जा रही है। पालनहार योजना से 6.10 लाख बच्चे तथा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से 4.11 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।



*181 कॉल सेंटर पर कॉल सुनते सीएस वी. श्रीनिवास। साथ में एसीएस प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन, शासन सचिव आयोजना डॉ. रवि कुमार सुरपुर, शासन सचिव ऊर्जा विभाग आरती डोगरा व अन्य।*

### सीएस ने किया 181 कॉल सेंटर का दौरा

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान संपर्क (181) कॉल सेंटर का दौरा कर नागरिक सुविधाओं से जुड़े परिवादों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### अंगदान को जनआंदोलन बनाने की तैयारी

**जयपुर।** राज्य में स्वैच्छिक अंगदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी विभागों, जिला प्रशासन, विश्वविद्यालयों, सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों और स्वायत्त निकायों को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अंगदान मानवता की सबसे महान सेवाओं में से एक है, जो अंग विफलता से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन देने का अवसर प्रदान करता है। मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान में अगस्त 2026 को अंगदान माह के रूप में मनाते हुए विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## व्यवस्था की व्यावहारिकता पर उठ रहे सवाल

# शिक्षा विभाग में तीनों विभागाध्यक्षों के पद खाली, एडिशनल चार्ज से चल रहा काम

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** शिक्षा विभाग में यह असाधारण और गंभीर स्थिति पहली बार पैदा हुई है। विभाग में विभागाध्यक्ष की तीन पोस्ट हैं और तीनों ही खाली हैं। इन्हें अब एडिशनल चार्ज के भरोसे चलाया जा रहा है। एडिशनल चार्ज भी ऐसे अफसरों को दिया गया है, जिसका न कोई औचित्य है और ना ही कोई लॉजिक।

कॉलेज शिक्षा के कमिश्नर ओमप्रकाश बैरवा 30 मई को रिटायर हो गए। सेकेंडरी एजुकेशन के डायरेक्टर मई 2025 में रिटायर हो गए थे और तब से इस पोस्ट का चार्ज प्रारंभिक शिक्षा के डायरेक्टर सीताराम जाट के पास था। लेकिन दोनों पोस्ट की जिम्मेदारी संभाल रहे सीताराम जाट भी 31 जुलाई (शुक्रवार) को रिटायर हो गए।


कॉलेज एजुकेशन का एडिशनल चार्ज डीओपी ने नथमल डिडेल (2013 बैच आईएएस) को सौंप रखा है। वे सचिवालय में विशेष सचिव (वित्त) हैं। जबकि कॉलेज एजुकेशन का ऑफिस शिक्षा संकुल में है। दोनों पोस्ट पर ही फुल टाइम जॉब हैं। लेकिन नथमल को आधा टाइम सचिवालय में और आधा टाइम शिक्षा संकुल में व्यतीत करना पड़ रहा है। जानकार हैरत में हैं कि आखिर इस अव्यावहारिक कार्य व्यवस्था का क्या औचित्य है?

जून 2025 में जब आशीष मोदी का ट्रांसफर हुआ था, तब डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन का एडिशनल चार्ज बीकानेर में ही पोस्टेड प्रारंभिक शिक्षा के डायरेक्टर सीताराम जाट को ही सौंप दिया गया था। तब से ही पिछले एक साल से दोनों पोस्ट की जिम्मेदारी सीताराम जाट ही संभाल रहे थे। बीकानेर में जून 2024 से शिक्षा की कमान संभालने वाले सीताराम भी शुक्रवार को रिटायर हो गए। आश्चर्य और समझ से परे बात तो यह है कि उक्त दोनों पोस्ट का एडिशनल चार्ज 2016 बैच के जिन सीनियर आईएएस ललित कुमार को सौंपा गया है, वे जयपुर में डायरेक्टर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा उनके पास तीन और पोस्ट की जिम्मेदारी है। इस तरह ललित कुमार पर पहले से ही जिम्मेदारियों का भारी बोझ है।

यह बात नितांत अव्यावहारिक है कि जयपुर में बैठकर बीकानेर में शिक्षा विभाग के दो-दो विभागाध्यक्ष की पोस्ट की जिम्मेदारियां ललित कैसे निभा सकते हैं। बीकानेर में शिक्षा विभाग का भारी-भरकम काम है। वहां छात्रों और टीचर्स के बेहिसाब मामले और समस्याएं होती हैं। जयपुर में बैठकर इन्हें समझना-सुलझाना भगीरथ काम है। होना तो यह चाहिए था कि उक्त तीनों विभागाध्यक्ष की पोस्ट पर योग्य और रिजल्ट ऑरिएंटेड आईएएस अफसरों की स्थाई पोस्टिंग की जानी चाहिए थी। लेकिन इसकी जगह हमेशा की तरह एडिशनल चार्ज देने का रामबाण नुस्खा अपना कर डीओपी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। परिणाम में समूचा शिक्षा विभाग अब 'भगवान भरोसे' हो गया है।

### एडिशनल चार्ज की 'अजब' व्यवस्था

एडिशनल चार्ज के मामले में डीओपी के फैसले सामान्यतया अव्यावहारिक और अतार्किक रहते हैं। पिछले सप्ताह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के सेक्रेटरी अंबरीष कुमार का एडिशनल चार्ज नवीकरणीय ऊर्जा निगम के एमडी रोहित गुप्ता को दिया गया। जानकारों के अनुसार यह अनुचित है, क्योंकि सचिवालय में सेक्रेटरी की जिम्मेदारी सचिवालय से बाहर के अफसर को सौंपना प्रशासनिक दृष्टि से गलत है। यह जिम्मेदारी सचिवालय में ही कार्यरत किसी भी सचिव को ही सौंपी जानी चाहिए थी। एच. गुइटे जब अगस्त 2025 में स्टडी लीव पर गए थे, तो इस पोस्ट का एडिशनल चार्ज उनसे 7 साल जूनियर आईएएस टी. शुभमंगला को सौंपा गया था। एक अपेक्षाकृत जूनियर आईएएस को उक्त पोस्ट की जिम्मेदारी सौंपे जाने की तब चर्चा हुई थी। आश्चर्य की बात है कि गुइटे 10 दिन पूर्व ही वापस लौट आए हैं, लेकिन डीओपी ने उन्हें एपीओ रखा है और शुभमंगला के पास उक्त पोस्ट का एडिशनल चार्ज यथावत बरकरार है।




फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।